दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 316
कोटद्वार मगलवार
28 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## खाई में गिरा वाहन, चालक की मौत

**पौड़ी** : पोखड़ा ब्लाक के राजस्व क्षेत्र गडरी के पास एक पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा गडरी-कोलाखाल मोटरमार्ग पर रविवार की देर रात हुआ। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। चौबट्टाखाल के उपजिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि राजस्व क्षेत्र गडरी के पास यह वाहन करीब 100 मीटर खाई में जा गिरा। हादसे में चालक हर्षपाल सिंह 42 साल पुत्र चंदन सिंह निवासी कोला गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से हंस अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। यहां डाक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी सतपुली लाखन सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

## युवक खाई में गिरा, हालत गंभीर

**नैनीताल।** नैनीताल के अयारपाटा क्षेत्र में देर रात घर जा रहा एक युवक असंतुलित होकर खाई में जा गिरा। सुबह क्षेत्र में काम के लिए निकले मजदूरों ने जंगल में युवक को बेसुध पड़ा हुआ देखा। सूचना पर स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बीडी पांडे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अयारपाटा निवासी सचिन सिंह रविवार देर रात घर जाते समय खाई में गिरकर बेहोश हो गया। यहां से गुजर रहे क्षेत्रवासियों ने सुबह उसे बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. नेहल ने बताया कि युवक की हालत गंभीर थी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## किशोरी से दुष्कर्म में पूर्व पीआरडी जवान को 20 साल कैद

**हल्द्वानी।** अपर सत्र न्यायाधीश स्पेशल जज पॉक्सो नंदन सिंह की अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में पूर्व पीआरडी जवान को 20 साल कैद और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही पीड़िता को प्रतिकर के रूप में चार लाख रुपये देने के भी आदेश दिए हैं। एडीजीसी फौजदारी नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि मामला अक्तूबर 2020 का है। पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह घटना के तीन दिन पूर्व ही वह 13 साल बेटी को गांव से यहां लेकर आए थे। बेटी उसके साथ रह रही थी। एक अक्तूबर की शाम वह रसोई में खाना बना रहे थे। तभी मुखानी थाना क्षेत्र के वासनी का रहने वाला पीआरडी जवान सुंदर लाल पीड़िता के कमरे में घुस गया। पीड़िता को अकेली पाकर अंदर से कुंडी बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। खाना देने जब वह कमरे में पहुंचे तो आरोपी मौका देखकर फरार हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

एडीजीसी ने बताया कि पूरे मामले में उनकी ओर से नौ गवाह पेश किए गए। सोमवार को कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## मंदिर के दीए से घर में लगी आग, हडकंप

**पिथौरागढ़।** नगर में एक आवासीय मकान में आग लग गई। सोमवार को लिंठ्यूडा क्षेत्र निवासी प्रदीप कापड़ी के घर के मंदिर में दीया जला हुआ था। इस बीच एकाएक दीया गिरने से उक्त कमरे में आग लग गई। देखते ही देखते हुए आग फैलने लगी और आसमान में धुएं का गुबार दिखाई दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और आस पड़ोस के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और आग बुझाने में जुट गए।

# राहुल गांधी को एक और झटका, खाली करना होगा सरकारी बंगला

## लोकसभा आवास समिति ने दिया नोटिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा से अयोग्य घोषित होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक और झटका लगा है। उन्हें जल्द ही सरकार की ओर से आवंटित बंगला खाली करना होगा। इस संबंध में उन्हें अब लोकसभा आवास समिति ने नोटिस दिया है। नोटिस में राहुल को 12 तुगलक रोड स्थित सरकारी बंगला खाली करने को कहा गया है। उन्हें इसके लिए 22 अप्रैल तक की इजाजत दी गई है।

इससे पहले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बीते शुक्रवार यानी 24 मार्च को रद्द कर दी गई। लोकसभा सचिवालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई। राहुल को गुरुवार को सूरत की अदालत ने मोदी उपनाम से जुड़े मानहानि मामले में दो साल की सजा सुनाई थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने ट्विटर पर लिखा था, 'मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं। मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं।'

राहुल गांधी की ओर से 2019 में मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में गुरुवार यानी 23 मार्च को सूरत की अदालत ने फैसला सुनाया था। कोर्ट ने उन्हें धारा 504 के तहत दो साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, कोर्ट ने फैसले पर अमल के लिए 30 दिन की मोहलत दे दी। इसके साथ ही उन्हें तुरंत जमानत भी दे दी थी। दरअसल, 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, 'कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है?' इसी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि राहुल ने अपनी इस टिप्पणी से समूचे मोदी समुदाय की मानहानि की है। राहुल के खिलाफ आईपीसी की धारा 499 और 500 (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

इससे पहले 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने लोक–प्रतिनिधि अधिनियम 1951 को लेकर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। कोर्ट ने इस अधिनियम की धारा 8(4) को असंवैधानिक करार दे दिया था। इस प्रावधान के मुताबिक, आपराधिक मामले में (दो साल या उससे ज्यादा सजा के प्रावधान वाली धाराओं के तहत) दोषी करार किसी निर्वाचित प्रतिनिधि को उस सूरत में अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता था, अगर उसकी ओर से ऊपरी न्यायालय में अपील दायर कर दी गई हो। यानी धारा 8(4) दोषी सांसद, विधायक को अदालत के निर्णय के खिलाफ अपील लंबित होने के दौरान पद पर बने रहने की छूट प्रदान करती थी।

राहुल गांधी ने भी अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज किया। राहुल ने अपना ट्विटर अकाउंट का बायो अपडेट किया है।

मतलब ट्विटर पर खुद की दी गई जानकारी को राहुल ने बदला है। इसमें उन्होंने खुद को अयोग्य सांसद लिख दिया है। राहुल के ट्विटर अकाउंट पर लिखा है, 'ये राहुल गांधी का आधिकारिक अकाउंट है। सदस्य, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।' इसके बाद सबसे अंत में उन्होंने लिखा है, 'अयोग्य सांसद'।

# खालिस्तानी आतंकवादी ने मुख्यमंत्री धामी को कॉल पर दी धमकी, पुलिस की बढ़ी टेंशन

**देहरादून।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत पन्नू कॉल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी धमकी दे रहा है। कह रहा है कि यदि उत्तराखंड में उनके संगठनों के लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए तो इसके लिए जिम्मेदार मुख्यमंत्री होंगे। रात तक यह मामला डीजीपी अशोक कुमार के संज्ञान में भी आ गया। उन्होंने इसकी तत्काल एसटीएफ से जांच कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। एसटीएफ ने इन तमाम नंबरों को ट्रेस करना शुरू कर दिया है।

यह पहला मामला नहीं है जब पन्नू के इस तरह के मैसेज वायरल हुए हों। पहले भी कई बार इस तरह से लोगों के पास कॉल आती रही हैं। हालांकि, पुलिस अधिकारियों के मुताबिक उत्तराखंड में सिख फॉर जस्टिस संगठन का कोई आधार नहीं है। यहां पर उसके समर्थक भी पुलिस की नजर में नहीं आए हैं।

पन्नू अमेरिका में रहता है और न्यूयॉर्क में वकालत करता है। उसे सिख फॉर जस्टिस का चेहरा माना जाता है। पन्नू कई सारी आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है। पन्नू ने दो साल पहले रेफरेंडम 2020 आयोजित करने की कोशिश की थी, जिसमें उसने दुनियाभर के सिखों से खालिस्तान के समर्थन में वोट देने की अपील की थी। वह युवाओं को खालिस्तान के लिए भड़काता रहा है। जुलाई 2020 में पन्नू को यूएपीए (गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून) के तहत आतंकवादी घोषित किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पन्नू ने एक बार भारतीय छात्रों को खालिस्तानी झंडा उठाने और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाने को कहा था और इसके बदले में उन्हें आईफोन 12 मिनी देने का वादा किया था।

# गोवा, हिमाचल और यूपी की तर्ज पर पेपर लेस होगी विधानसभा



**देहरादून** । गोवा, हिमाचल और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर जल्द उत्तराखंड में भी ई–विधानसभा बनाई जाएगी। इससे विधानसभा का सत्र पेपर लेस होगा। साथ ही एक क्लिक पर सभी जानकारी मुहैया होगी। आगामी विस सत्र को पेपर लेस कराने पर तेजी से काम किया जाएगा।

सोमवार को विधानसभा भवन कार्यालय कक्ष में स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भूषण ने मामले को लेकर विधायकों व सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी के अफसरों संग बैठक में कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से समय और श्रम की बचत होती है।

इलेक्ट्रॉनिक फोरम से ई–विधानसभा का उपयोग करके अधिक संख्या में लोगों का समावेश करना आसान होगा है। विधायकों के अलावा आम जनता भी प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे और अपनी राय रख दे सकते हैं।कहा, ई–विधानसभा बनाने से कागजों की बचत होगी। विधानसभा कार्यों में बहुत से दस्तावेजों का उपयोग किया जाता है। इससे काफी खर्चा आता है, लेकिन ई–विधानसभा के माध्यम से दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध हो सकते हैं, जिससे कागजों की बचत हो सकती है। साथ ही ई–विस के माध्यम से दस्तावेजों को आसानी से संग्रहित किया जा सकता है। कम कागजों के उपयोग से पर्यावरण को भी बचाया जा सकता है।कहा, जल्द ही उत्तराखंड विधानसभा को ई–विधानसभा के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए हिमाचल प्रदेश में ई–विस में इस्तेमाल तकनीक का अध्ययन कर लिया गया है। यूपी की ई–विस का अध्ययन कर उत्तराखंड विस को भी ई–विधानसभा बनाया जाएगा।

उत्तराखंड बनने से अभी तक की जितने भी विधानसभा सदन चले हैं, की पूरी जानकारी भी एक जगह डिजिटल संग्रहित की जाएगी।बैठक में विधायक उमेश कुमार काऊ, खजान दास, वीरेंद्र कुमार, मोहम्मद शहजाद, राजकुमार पोरी, अपर सचिव सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विजय कुमार, अपर सचिव वित्त अरुणेंद्र चौहान, विधानसभा प्रभारी सचिव हेम पंत, अनु सचिव विधानसभा संजय कुमार रावत आदि मौजूद थे।

## अमृतपाल के नेपाल में छिपे होने की आशंका, भारत की अपील– उसे तीसरे देश में भागने की न दें अनुमति

**काठमांडू, एजेंसी।** भारत ने नेपाल सरकार से अनुरोध किया है कि वह खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को किसी तीसरे देश में भागने की अनुमति नहीं दे और अगर वह भारतीय पासपोर्ट या किसी अन्य फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर भागने की कोशिश करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। देश के एक प्रमुख अखबार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि शनिवार को दूतावास सेवा विभाग को भेजे एक पत्र में काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने सरकारी एजेंसियों से अनुरोध किया है कि अगर अमृतपाल सिंह नेपाल से भागने की कोशिश करता है तो उसे गिरफ्तार किया जाए। अखबार ने पत्र की प्रति का हवाला देते हुए कहा कि अमृतपाल सिंह फिलहाल नेपाल में छिपा हुआ है।

इसमें कहा गया है, मंत्रालय से अनुरोध है कि वह आव्रजन विभाग को सूचित करे कि अमृतपाल सिंह को किसी तीसरे देश के लिए नेपाल के रास्ते यात्रा करने की अनुमति न दी जाए और अगर वह भारतीय पासपोर्ट या किसी अन्य फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल करके नेपाल से भागने का प्रयास करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाए।

# पहली बार बदरी–केदार में वीआईपी दर्शन के लिए देना होगा शुल्क



## मंदिर समिति की बैठक में हुआ निर्णय

**देहरादून** । केदारनाथ व बदरीनाथ धाम में पहली बार वीआईपी दर्शन के लिए 300 रुपये शुल्क देना होगा। देश के चार प्रमुख मंदिर तिरुपति बालाजी, वैष्णो देवी, महाकालेश्वर व सोमनाथ मंदिरों में पूजा व दर्शन व्यवस्था का अध्ययन करने के लिए बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने चारधाम यात्रा में शुल्क की व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा केदारनाथ मंदिर में 100 किलो. भार का अष्टधातु से बना त्रिशूल स्थापित किया जाएगा।

सोमवार को कैनाल रोड स्थिति कार्यालय में बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। इसमें केदारनाथ व बदरीनाथ धाम की व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में आगामी वित्त वर्ष 2023–24 के लिए 76.26 करोड़ का बजट पारित किया। इसके अलावा चारधाम यात्रा को लेकर भी कार्ययोजना को स्वीकृति दी गई।

बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बजट पेश किया। इसमें बदरीनाथ मंदिर की व्यवस्था के लिए 39.90 करोड़ और केदारनाथ के लिए लगभग 36.35 करोड़ बजट का प्रावधान किया गया।

बजट में बीते वर्ष की 65,53,11,583 करोड़ की आय के मुकाबले आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 94,26,23,042 करोड़ रुपये आय का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही मार्कंडेय मंदिर मक्कूमठ के जीर्ण शीर्ण सभा मंडप का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा।

प्रोटोकॉल के तहत दर्शनों के लिए आने वाले वीआईपी को बीकेटीसी के कार्मिक ही मंदिरों में दर्शन कराने और प्रसाद वितरण इत्यादि की जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे वीआईपी सुविधा के नाम पर अव्यवस्था पैदा नहीं होगी। अभी तक वीआईपी को दर्शन कराने के लिए पुलिस, प्रशासन, बीकेटीसी आदि अपने–अपने तरीके से दर्शन व्यवस्था संभालते हैं।

श्रद्धालु मंदिर के लिए जो भी दान या चढ़ावा देते हैं, उसे बीकेटीसी के वेतनधारी पुजारी और कर्मचारी ग्रहण नहीं करेंगे। पूजा व्यवस्था से जुड़े कार्मिक श्रद्धालुओं को दान व चढ़ावे को दान पात्र में डालने को प्रेरित करेंगे। अन्यथा कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मंदिरों को मिलने वाली दान चढ़ावे की गिनती के लिए पारदर्शी व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए दोनों धामों में पारदर्शी शीशे के हट बनाए जाएंगे। जिन्हें सीसीटीवी कैमरों से लेस किया जाएगा।

बीकेटीसी में आइटी संबंधी कार्यों को मजबूती देने के लिए स्वयं की सूचना प्रौद्योगिकी इकाई गठित जाएगी। इससे ई–ऑफिस की स्थापना, विभिन्न अनुभागों को कंप्यूटरीकृत करने आदि में आसानी होगी।

विद्यापीठ में तैयार होंगे आयुर्वेदिक उत्पादबीकेटीसी ने विद्यापीठ (गुप्तकाशी) में वर्तमान में बंद पड़ी आयुर्वेदिक फार्मेसी को फिर से शुरू कर विभिन्न उत्पाद तैयार करने का निर्णय लिया है। इससे बीकेटीसी द्वारा संचालित आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्रों को प्रैक्टिकल की सुविधा भी हासिल होगी।

बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, सदस्य निवास पोस्ती, कृपा राम सेमवाल, वीरेंद्र असवाल, राजपाल जड़दारी, भास्कर डिमरी, आशुतोष डिमरी, जय प्रकाश उनियाल, पुष्कर जोशी, मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, विशेष कार्याधिकारी रमेश रावत, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, कार्याधिकारी रमेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

# सावरकर वाले बयान पर बीजेपी ने राहुल गांधी को घेरा

## अनुराग ठाकुर से लेकर कई मंत्रियों ने कांग्रेस नेता पर कसा तंज



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद हो जाने के बाद कांग्रेस पार्टी समेत कई विपक्षी दल भी मोदी सरकार के खिलाफ काफी आक्रमक हो चुके हैं। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के नेताओं ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद होने के बाद बीजेपी पर हमला बोला है।

कई नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार विपक्षी दलों के नेताओं की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। तो वहीं, संसद सदस्यता रद होने के अगले दिन यानी शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वो सावरकर ( वी डी सावरकर) नहीं जो माफी मांगेंगे।

एक तरफ जहां कांग्रेस समेत विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर बीजेपी के कई नेतओं ने भी राहुल गांधी की जमकर आलोचना की है। सोमवार को बीजेपी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी को 'गंभीर आत्मनिरीक्षण' की जरूरत है। इसके अलावा, इस पार्टी को देश की राजनीतिक और कानूनी व्यवस्था को भी स्वीकार्य करने की जरूरत है।

राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य ठहराए जाने और अडानी मुद्दे पर कांग्रेस के बढ़ते आंदोलन के बीच केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा, "आप मर्यादा की रेखाओं को जानते हैं, राजनीतिक प्रणाली, कानूनी व्यवस्था में क्या स्वीकार्य है। उन्हें (राहुल गांधी) एक अदालत ने दोषी ठहराया है।"

उन्होंने आगे कहा कि मेरा मतलब है कि भारत के लोग उन्हें जज करेंगे कि वे क्या हैं। राहुल गांधी के सावरकर वाले बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि क्या इन्हें वीर सावरकर जैसे लोगों का योगदान पता है? यह घोड़ों की रेस में गधे को दौड़ाने जैसा है। बता दें कि सोमवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा राजघाट पर 'सत्याग्रह' विरोध और 'काला दिवस'मनाया गया।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी राहुल गांधी द्वारा सावरकर पर दिए गए बयान को लेकर कहा, राहुल गांधी अपने 'सबसे सुन्हरे सपनों' में भी 'वीर सावरकर' नहीं हो सकते।

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी कभी भी महीनों तक विदेश में नहीं रहे और न ही उन्होंने अपने ही देश के खिलाफ दूसरे देशों से मदद मांगी। उन्होंने कहा कि वी डी सावरकर बनने के लिए दृढ़ संकल्प और देश प्रेम की जरूरत है।


वहीं, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी कहा, "राहुल गांधी ने बहुत सही कहा कि वह सावरकर नहीं थे।" उन्होंने कहा, "अगर राहुल वास्तव में सावरकर को जानना चाहते हैं, तो उन्हें अंडमान जेल जाना चाहिए और वहां समय बिताना चाहिए ताकि यह महसूस किया जा सके कि वास्तव में सावरकर कौन थे और उन्होंने किस तरह का बलिदान दिया था।"

केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता जो कहते हैं, उसे समझ नहीं आता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को "ऐसे भाषणों" (विवादित भाषणों) के कारण अदालत के फैसले के बाद लोकसभा सांसद के रूप में अयोग्य घोषित किया गया है।

## एटीएम मशीन उखाड़ कर ले जा रहे पांच बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नकदी लूटने के लिए एटीएम मशीन उखाड़ कर ले जा रहे पांच बदमाशों को कनखल थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एटीएम मशीन व हथियार बरामद हुए हैं। पांचों आरोपित पथरी क्षेत्र में पतंजलि फूड पार्क में काम करते हैं। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि रात करीब ढाई बजे चेतक सिपाही सुनील राणा व गजय तोमर को गश्त के दौरान जगजीतपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम के अंदर से कुछ आवाजे सुनाई दी। बाहर जनरेटर की आड़ लिए बैठे एक युवक को पकड़ कर पूछताछ की उसके बाकी साथी अंदर एटीएम मशीन उखाड़ रहे हैं। दोनों पुलिसकर्मियों ने तुरंत इसकी सूचना थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ को दी। जिसके बाद पुलिस टीम ने एटीएम के अंदर घुसे चार अन्य बदमाशों को पकड़ लिया। उनके पास से नाजायज तमंचे, एटीएम तोड़ने के लिए लाई गई हथौड़ी, कुल्हाड़ी, मिर्ची पाउडर व अन्य सामान बरामद हुआ।

# नैनी जेल लाया गया अतीक अहमद



प्रयागराज, एजेंसी। उमेश पाल हत्याकांड में नामजद माफिया अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से पुलिस प्रयागराज की नैनी जेल लेकर पहुंच गई है। कल 11:00 बजे अतीक अहमद को प्रयागराज कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोर्ट ने आदेश जारी कर कहा कि 28 मार्च को 11:00 बजे अतीक अहमद को कोर्ट में पेश करें। तीसरे आरोपी फरहान को भी पुलिस चित्रकूट जेल से लेकर नैनी जेल लेकर पहुंची है। अतीक अहमद के भाई अशरफ को नैनी जेल लाया गया है। बरेली की जेल से असरफ को नैनी जेल लाया गया है। अतीक अहमद को प्रयागराज कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोर्ट ने आदेश जारी कर कहा कि 28 मार्च को 11:00 बजे अतीक अहमद को कोर्ट में पेश करें। एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ला ने निर्देश जारी किया है।

नैनी जेल पहुंचा माफिया अतीक अहमद का काफिला। यूपी पुलिस कल गुजरात की साबरमती जेल से लेकर हुई थी रवाना। उमेश पाल हत्याकांड में गैंगस्टर अतीक से होगी पूछताछ।

माफिया अतीक अहमद को लेकर पुलिस प्रयागराज पहुंच गई है। जेल पहुंचने में लगभग एक घंटे का समय लग सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए प्रयागराज पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है । थोड़ी देर में कोर्ट में होगी सुनवाई। चित्रकूट शहर से होते हुए काफिला अब प्रयागराज की ओर रवाना हो चुका है। लगभग 65 किलोमीटर तक चित्रकूट की पुलिस इस काफिले के साथ चलेगी।चित्रकूट में पुलिस लाइन के पास रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण लगभग 10 मिनट तक माफिया अतीक अहमद का काफिला खड़ा रहा।

# सावधान: खाते से रकम उड़ाने के नए-नए तरीके अपना रहे साइबर अपराधी

**शहर में आए दिन बढ़ रहे साइबर अपराध की घटनाओं ने बढ़ाई पुलिस की चिंता**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : डिजिटल तकनीक में विस्तार के साथ ही साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। हर रोज साइबर ठगों के रुपये उड़ाने के नए तरीकों से साइबर पुलिस भी हैरान है। अब तक साइबर ठग बैंक अधिकारी बन खाता नंबर व एटीएम कार्ड का पिन कोड़ पूछकर आनलाइन ठगी करते थे। लेकिन, अब मोबाइल पर लिंक भेजने के साथ ही आनलाइन सामान की खरीद पर लालच देकर खाते में जमा रकम को ठगा जा रहा है। पिछले एक वर्ष में कोटद्वार की साइबर पुलिस पचास से अधिक साइबर ठगी के मामले दर्ज कर चुकी है। यही नहीं, यह आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जबकि, पुलिस भी समय-समय पर आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूकर करती रहती है। आंकड़े बताते है कि साइबर ठगी के शिकार होने वालों में सबसे अधिक पढ़े-लिखे व्यक्ति ही हैं।




कोटद्वार कोतवाली में स्थित साइबर सेल

## ऐसे फंसा रहे जाल में

साइबर ठग गिरोह व्यक्तियों के खाते को साफ करने के लिए नित नए हथकंडे अपना रहे हैं। ठग किसी प्रभावशाली व्यक्ति की फेसबुक प्रोफाइल से फोटो लोड कर उस व्यक्ति के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर उनके परिचितों को रिक्वेस्ट भेजते हैं। इसके बाद बातों-बातों में मदद के नाम पर अपने बैंक खातों में रकम जमा करा लेते हैं। क्षेत्र के करीब 50 से अधिक व्यक्तियों से इस तर्ज पर ठगी हो चुकी है। यही नहीं, वाट्सएप के माध्यम से वीडियो काल कर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर आमजन को ठगा जा रहा है। आपने ओएलएक्स जैसी वेबसाइट पर सामान बेचने का विज्ञापन दिया है तो साइबर ठग उसे खरीदने के नाम पर ई-मेल व्हाट्सएप, एसएमएस के जरिए आप को एक लिंक भेज देगे। लिंक पर आपके पासवार्ड डालते ही खाते से रकम निकल जाती है।

## ठगी होने पर यह उठाए कदम

–सबसे पहले अपने बैंक खाते, एटीएम या डेबिट कार्ड को बंद करा दें और पुलिस से शिकायत करें

–आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार, धोखाधड़ी की शिकायत तीन दिन में बैंक को करें

–बैंक में एफआईआर की कापी लेकर जाएं। इसके आधार पर बैंक धोखाधड़ी की जांच करेगा।

## सावधानी ही बचाव है

–कभी भी फोन पर किसी को अपनी बैंक डिटेल न दें

– किसी भी लिंक या मैसेज पर क्लिक न करें

–गैर विश्वसनीय वेबसाइटों पर अपनी निजी जानकारी न डाले

–किसी से अपना बैंकिंग या डेबिट कार्ड पासवर्ड और ओटीपी साझा न करें

## डेढ़ वर्ष में लौटाए 60 लाख

लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों को लेकर साइबर पुलिस भी गंभीरता से कार्य कर रही है। पिछले डेढ़ वर्षों में पुलिस साइबर ठगी के शिकार हुए व्यक्तियों को 60 लाख रुपये से अधिक की धनराशि वापस भी दिलवा चुकी है। लेकिन, आज तक पुलिस के हाथ साइबर ठगी करने वालों तक नहीं पहुंच पाए हैं। मंगलवार को भी पुलिस ने दिसंबर माह में आनलाइन टेंट बुक करवाने के नाम पर मोटाढांक निवासी अभिषेक के खाते से ठगी गई 54 हजार 892 में से 46 हजार रुपये वापस दिलवाए। वहीं, जनवरी माह में मनोहर नगर निवासी हषिल भंडारी के खाते से ठगी गई 11 हजार व छह जनवरी को दीपक ध्यानी के खाते से ठगी गई दस हजार रुपये की रकम को वापस दिलवाया।

# संप्रदाय विशेष को भूमि बेचने का आरोप, किया प्रदर्शन



कोटद्वार तहसील में संप्रदाय विशेष के खिलाफ प्रदर्शन करते क्षेत्रवासी

**नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत काशीरामुपर तल्ला के लोगों ने किया प्रदर्शन**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : काशीरामपुर तल्ला में एक संप्रदाय विशेष के व्यक्ति को भूमि बेचे जाने पर क्षेत्रवासियों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। कहा कि क्षेत्र का एक भूमि विक्रेता उक्त भूमि को बेचने की योजना कर रहा है। ऐसे में प्रशासन को पूरे मामले की जांच कर भूमि बिक्री पर रोक लगानी चाहिए।

सोमवार को क्षेत्रवासियों ने तहसील में पहुंच कर भूमि बेचने वाले के साथ ही संप्रदाय विशेष के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ नौडियाल ने बताया कि काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में अधिकांश हिंदू परिवार रहते हैं। लेकिन, पिछले कुछ दिन से क्षेत्र का एक भूमि विक्रेता सोफिया स्कूल के समीप खाली पड़ी भूमि को एक संप्रदाय विशेष को बेचने की योजना बना रहा है। कहा कि उक्त भूमि पर एक मंदिर भी बना हुआ है। ऐसे में यहां संप्रदाय विशेष के व्यक्तियों के बसने से हिंदुओं की आस्था को भी ठेस पहुंचेगी। साथ ही क्षेत्र में सांप्रदायिक माहौल भी बिगड़ सकता है। कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए भूमि के विक्रय को रोका जाना चाहिए।

यदि जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो क्षेत्रवासी एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर अनीता शर्मा, गौरव कोटनाला, राजेश्वरी, कल्पना नेगी आदि मौजूद रहे।

# नन्हें विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विकासखंड जयहरीखाल के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय जलेथा का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान नन्हें विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



राजकीय प्राथमिक विद्यालय जलेथा में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ विधायक दिलीप सिंह रावत, ब्लाक प्रमुख दीपक भंडारी, जिला शिक्षा अधिकारी शिवपूजन सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। विधायक दलीप सिंह रावत ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि जीवन में मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को एक दिन अवश्य सफलता मिलती है। विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर उसे पाने के प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गढ़वाली, कुमाऊं, पंजाबी व अन्य गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। गढ़वाली गीतों पर दी गई प्रस्तुति को सबसे अधिक सराहा गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुसुम देवी, प्रधानाध्यापिका विमला मैंदोला, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुदर्शन ध्यानी, राम कुमार ध्यानी, जगमोहन बुड़ाकोटी, विपुलदीप भंडारी, जगदीश राठी, चंद्रमोहन सिंह रावत, भावना वर्मा, मीना रावत, सुरेंद्र सिंह रावत, दीवान सिंह रावत, सूरज मोहन रावत, राजीव थपलियाल आदि मौजूद रहे।

# युवक पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बदरीनाथ मार्ग तहसील के समीप महिला की मौत के मामले में पुलिस ने बाइक चला रहे युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चलती बाइक से महिला के नीचे गिरने पर व्यक्ति घटनास्थल से फरार हो गया था।

बताते चले कि, घटना नवार रात की है। देवी रोड डबराल कालोनी के समीप किराए के मकान में रहने वाली अंजली देवी (25 वर्ष) घर से अपने कुछ दस्तावेजों की फोटो स्टेट करवाने के लिए बाजार के लिए निकलती थी। लेकिन, कुछ देर बाद वह बदरीनाथ मार्ग तहसील के समीप सड़क किनारे घायलवस्था में दिखाई दी।

आसपास मौजूद लोगों ने उसे निजी वाहन से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल के समीप एक बैंक का सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर महिला एक चलती हुई बाइक से गिरते हुए दिखाई दी। महिला के गिरते ही बाइक चला रहा अज्ञात युवक भी वहां से फरार हो गया था। सीसीटीवी फुटेज में पहचान होने के बाद पुलिस ने बाइक सवार को अपनी हिरासत में ले लिया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन सिंह रमौला ने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सरकारी विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने को निकाली रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए राजकीय बालिका इंटर कालेज कलालघाटी के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान छात्र व शिक्षकों ने क्षेत्रवासियों से अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालय में करवानी की अपील की।




कोटद्वार के भाबर क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालती छात्राएं

सोमवार को छात्राओं ने कलाघाटी क्षेत्र में रैली निकालकर आमजन को अपने पाल्यों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाने की अपील की। कहा कि सरकारी विद्यालयों में लगातार शिक्षाक का स्तर बढ़ता जा रहा है। सरकारी विद्यालय से बढ़कर निकले कई विद्यार्थी उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षक डा. मंजू कपरवाण, बीना शर्मा, सावित्री रावत ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में कम हो रही छात्र संख्या एक चिंता का विषय है। छात्र संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षक लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी के तहत नामांकन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। कहा कि इस अभियान का धरातल पर जल्द ही असर भी दिखाई देगा।

# दिव्यांशी का दिल की बीमारी का हुआ सफल ऑपरेशन

**पौड़ी** : स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम नैनीडांडा निवासी धीरेन्द्र सिंह की 4 वर्षीय पुत्री दिव्यांशी के लिए संजीवनी साबित हुई। आंगनबाड़ी केन्द्र सतखोलू नैनीडांडा में पंजीकृत 4 साल की दिव्यांशी के दिल का सफल ऑपरेशन किया गया, ऑपरेशन के बाद बच्ची बिल्कुल स्वस्थ है।



दिव्यांशी देहरादून अस्पताल में परिजनों के साथ।

दिव्यांशी की माता सुषमा देवी का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र सतखोलू में 5 दिसम्बर 2022 को स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बेटी की बीमारी का पता चला। चिकित्सकों ने बच्चे के दिल में छेद होना बताया। विभाग की टीम से डॉ. आशीष उनियाल ने दिव्यांशी के परिजनों को कार्यक्रम के तहत बेटी के निःशुल्क उपचार का आश्वासन दिया। विभाग द्वारा बच्ची को देहरादून आने जाने के लिए चार हजार रुपये भी दिये गये। उसके बाद परिजन अपनी बेटी को देहरादून कोरोनेशन चिकित्सालय लेकर गये, जहां चिकित्सकों द्वारा मैडिट्रिना हार्ट चिकित्सालय देहरादून भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम बेटी के ऑपरेशन होने तक लगातार सम्पर्क में रही। जहां 17 मार्च को दिव्यांशी के दिल का सफल आपरेशन हो चुका है। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहता है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिन्हित 30 गम्भीर बिमारी से ग्रसित बच्चों को ससमय चिकित्सा उपचार मिल सके। जिसके लिए जनपद पौड़ी में कार्यक्रम के तहत 15 टीमें कार्यरत हैं जो कि सरकारी विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर 0 से 18 साल तक के पंजीकृत बच्चों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करती हैं। कहा कि यदि कोई बच्चा जन्मजात या किसी अन्य बिमारी से ग्रसित है तो अभिभावक तुरन्त चिकित्सालय स्टाफ, आशा कार्यकत्री, आंगनबाड़ी व नजदीकी चिकित्सालय से सम्पर्क कर कार्यक्रम के तहत उपचार हेतु सम्पर्क कर सकते हैं।

# धूमधाम के साथ मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार/सतपुली** : सरस्वती शिशु मंदिर शीला बांघाट का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



सतपुली में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद दर्शक

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हंस फाउंडेशन के आईटी हेड मुकेश रावत ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी। साथ ही उन्होंने हंस फाउंडेशन की ओर से चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा ने विधिक सेवा विधिक सहायता और 13 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में लोगों को जागरूक किया। वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सतपुली के प्रधानाचार्य और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खंड कारवा देवी प्रसाद ने विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालय की रूप रेखा के बारे में बताया। इस अवसर पर सीनियर मैनेजर मनीष बिष्ट, विमल भट्ट, भाजपा सतपुली मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट, पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, मनीषा हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोली सेण, भागेश सकलानी सरस्वती शिशु मंदिर सतपुली के प्रधानाचार्य, नवल किशोर, पूर्णचंद काला, दिनेश चंद्रकला, रोशन रावत, मनोहर बुड़ाकोटी, मोनिका, गुड्डी देवी, मीना डोबरियाल सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष व स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

## छात्रों ने रैली निकालकर किया जागरूक

**पौड़ी** : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. थान सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा की एंटी ड्रग सेल ने नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। छात्रों ने कहा कि नशे से व्यक्ति को सामाजिक, मानसिक, पारिवारिक आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्राचार्य डा. बीपी उनियाल ने नशे से होने वाली आर्थिक, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक नुकसानों के बारे में जानकारी दी। साथ ही नशामुक्ति की शपथ दिलाई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्थानीय बाजार पटोटिया में रैली निकालकर नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डा. पवन कुमार, प्रो. प्रमोद कुमार, डा. विवेक केडिया, डा. गीतू गुप्ता, डा. अंजना शर्मा, डा. दानिश मसूद, डा. खुशवंत सिंह, भगवत गिरि गोस्वामी, सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं ने भजन, थडया, चौंपला, मांगल गीत की दी शानदार प्रस्तुति

**पौड़ी** : कोट ब्लाक के श्री भुवनेश्वरी सिद्ध पीठ में नवरात्रि पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, महिला-कीर्तन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को महिलाओं ने भजन के साथ थड्या, चौंपला, मांगल गीतों की भी प्रस्तुति दी। भुवनेश्वरी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिगंबर जुयाल, सचिव सतीश जुयाल ने बताया कि नवरात्री के छठे दिन कीर्तन मंडलियों ने भजनों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध किया। समिति हर नवरात्रों में विगत कई वर्षों से अनेकों कार्यक्रम आयोजित कर रही है। शारदीय नवरात्र के संयोजक अनसुया प्रसाद ने कहा कि स्थानीय समिति द्वारा अक्टूबर में भव्य महोत्सव किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। संचालन आचार्य नवीन ममगांई ने किया।

# स्पीड से वाहन चलाने वालों की खैर नहीं



एसएसपी श्वेता चौबे बैठक को संबोधित करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : ओवर स्पीड से वाहन चलाने वाले चालकों की अब खैर नहीं। पर्वतीय क्षेत्रों में हादसों पर अंकुश लगाने को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने वाहनों की गति निर्धारण को लेकर गठित समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पर्वतीय क्षेत्रों में वाहनों की ओवर स्पीड पर अंकुश लगाने के लिए एमवी एक्ट में कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों पर यातायात नियमों को लेकर साइन बोर्ड भी लगाएं जाएं।

एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि आए दिन सड़क हादसे हो रहे है। आमजन की सुरक्षा और यातायात को सुव्यवस्थित करने के साथ ही सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों की हालत, ब्लैक स्पॉटो का सुधारीकरण, सड़कों पर खतरनाक मोड़, दुर्घटना सम्भावित स्थानों का चिन्हीकरण करने, सड़क मार्गों पर लगे होल्डिंग व आब्जेक्ट जिनके कारण वाहन चालकों को वाहन चलाने में बाधा होती हो उनको हटाने की कार्यवाही की जाए। जिले के पालिका और पंचायत की सीमाओं में किसी ऑब्जेक्ट के कारण वाहन चालकों को ड्राइविंग में दिक्कत हो तो इन्हें हटाया जाए।

बैठक में पौड़ी की अपर जिलाधिकारी ईला गिरी सहित सीओ सदर पीएल टम्टा, यातायात निरीक्षक कोटद्वार शिव कुमार, एआरटीओ निखिल शर्मा आदि मौजूद थे।


उत्तराखण्ड शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
"भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई उन्मुख और निर्णायक होगा। आइए, हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को आकार देने के लिए मिलकर काम करें।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
देवभूमि उत्तराखण्ड में जी-20 प्रतिनिधियों का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
चीफ साइंस एडवाइजर
राउंड टेबल कार्यक्रम की प्रथम बैठक
28-30 मार्च, 2023 | रामनगर, नैनीताल
भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह
द्वितीय बैठक
25-27 मई, 2023 | नरेन्द्रनगर, ऋषिकेश
इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप
तृतीय बैठक
26-28 जून, 2023 | नरेन्द्रनगर, ऋषिकेश
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# बस अड्डे में प्रवेश नहीं कर पाएंगी टैक्सियां



चम्पावत। रोडवेज बस स्टेशन के अंदर अब प्राइवेट टैक्सियां प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ये व्यापारियों और निगम के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में तय किया गया। मुख्य गेट को असमय बंद किए जाने से नाराज व्यापारियों ने डीएम से सोमवार को मुलाकात की। जिसके बाद डीएम ने रोडवेज के एआरएम को गेट खोलने के लिए निर्देशित किया है। व्यापारियों ने डीएम से मुलाकात कर कहा कि परिवहन निगम चम्पावत की ओर से आवागमन के लिए गेट को किसी भी समय बंद किया जा रहा है। जिससे यात्रियों और आमजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डीएम नरेंद्र भंडारी ने रोडवेज के एआरएम को गेट खोलने के निर्देश दिए। जिसके बाद रोडवेज के कार्यालय में एआरएम नरेंद्र गौतम ने व्याापारियों के साथ बैठक की। तय किया गया कि प्राइवेट टैक्सियों के लिए बस अड्डा प्रतिबंधित रहेगा। यहां व्यापार संघ अध्यक्ष विक्की चौधरी, नंदन तड़ागी, गिरीश तिवारी, सोनू तिवारी, विपिन जोशी, सुनील खर्कवाल, किशोर पांडे, दीपक तड़ागी लारा, मुकुल तिवारी, संदीप अमखोलिया, मनोज जोशी, प्रकाश चंद्र, विमल सिंह, मोहन तिवारी रहे।(एजेंसी)

## शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए अप्रैल में आएगी टीम

हल्द्वानी। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी हैं। रोजाना शहर के अलग–अलग वार्डों में सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। वहीं सफाई व्यवस्था को परखने के लिए केंद्र सरकार की टीम का दौरा अप्रैल में प्रस्तावित है। इसे लेकर नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं। बीते वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में हल्द्वानी नगर निगम देश में 281वें स्थान पर रहा था। इसमें 2021 के मुकाबले मात्र एक स्थान पर सुधार हुआ। वहीं प्रदेश स्तर पर 2021 के मुकाबले चौथे से छठे स्थान पर खिसक गया। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्र सरकार टीम अप्रैल में हल्द्वानी का दौरा करेगी।

एजेंसी

# 400 से अधिक लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता



काशीपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने 400 से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा भाजपा के विकास कार्यों से लोग प्रभावित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विकास को जिस तेजी से आगे बढ़ाया है, उससे जनता पूरी तरह संतुष्ट है और निरंतर भाजपा से जुड़ रही है।बाजपुर रोड स्थित एक रिसॉर्ट में समारोह का आयोजन हुआ। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा की मौजूदगी और नेता दीपक बाली के नेतृत्व में 400 से अधिक लोग पार्टी में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पार्टी की सदस्यता दिलाई। साथ ही उनका आभार भी जताया। उन्होंने कहा सभी को भाजपा में पूर्ण सम्मान दिया जाएगा। कहा सब पार्टी को अपना परिवार समझकर आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता मोहन बिष्ट ने किया। यहां विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, डॉ. गिरीश चंद्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल, रजत सिद्धू, बृजेश पाल सिंह, बिजेंद्र सिंह, डॉ. विजय शर्मा, सुधा शर्मा, अमित सक्सेना, राधा चौहान, सीमा चौहान पार्षद गंधार अग्रवाल, मंजू यादव, अजय शर्मा, पूजा विर्क, सुधा शर्मा, आनंद वैश्य, पूर्व तहसीलदार मनोरथ लखचौरा, मोहित चौहान, पार्षद वैशाली गुप्ता, गुरबख्श बग्गा, भूपेंद्र सिंह बग्गा, पार्षद सुरेश सैनी, हर्ष बाली, पुष्कर बिष्ट, रवि पाल, ईश्वर गुप्ता, राजकुमार यादव, सुरेंद्र सिंह जीना, तेजवीर सिंह चौहान रहे।

# पुरानी पेंशन को शीघ्र बहाल करने का निर्णय ले सरकार




चम्पावत। राजकीय शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन को सरकार से शीघ्र बहाल करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने नौनिहालों की बेहतरी और शिक्षकों की समस्याओं पर मंथन गंभीरता से मंथन किया। सोमवार को बीआरसी सभागार लोहाघाट में राशिसं के जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। यहां शिक्षक संघ ने कई बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें उन्होंने ब्लॉक पर शिक्षकों की सदस्यता, अटल उत्कृष्ट स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के पदों को रिक्त मानने, विद्यालय को जारी होने वाला बजट सही समय पर आवंटित करने, धारा–27 के अंतर्गत होने वाले स्थानांतरणों को तत्काल लागू करवाने, पदोन्नति में प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य सूची और प्रतीक्षा सूची जारी करने, डायट स्तर पर होने वाली विभिन्न ट्रेनिंग परीक्षाकाल के दौरान न कराने, यात्रा अवकाश की सुविधा बहाल करने, प्रभारी प्रधानाचार्यों को उनके कार्य के अनुरुप सभी सुविधाएं प्रदान करने, प्रभारी प्रधानाचार्य और प्रधानाध्यापक को डीडीओ का अधिकार और स्थानापन्न वेतन देने की मांग समेत मंडल परिवर्तन और ट्रांसफर एक्ट का कड़ाई से पालन करने पर विचार किया। इसके अलावा उन्होंने गोल्डन कार्ड व्यवस्था का लाभ देने की मांग उठाई। इस दौरान शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग भी की।

यहां संचालक जिला मंत्री इंदुवर जोशी, संरक्षक प्रकाश बोहरा, अनिल कुमार, पारुल शर्मा, भूपेश जोशी, सुनील पांडेय, दीपक अधिकारी, गोविंद मेहता, विनोद गहतोड़ी, मुकेश वर्मा, प्रकाश उपाध्याक्ष, रितेश वर्मा, सुशाल रावत, गिरीश भट्ट, कुवंर प्रथोली, नवीन बिष्ट, अर्जुन छतोला, देवराज ओमरे, हरीश चंद्र जोशी, पंचदेव पांडेय, प्रकाश सिंह आदि रहे।

## दीपक चंदोला को मिला यंग साइंटिस्ट अवार्ड

हल्द्वानी। चोरगलिया निवासी दीपक चंदोला को साइंस फादर संस्था की ओर से यंग साइंटिस्ट अवार्ड प्रदान किया गया। अंतरराष्ट्रीय युवा वैज्ञानिक अवार्ड के पांचवें संस्करण के दौरान उन्हें अवार्ड से नवाजा गया। विमान रख रखाव प्रबंधन क्षेत्र में अति विशिष्ट शोध कार्य के लिए उनको अवार्ड मिला हैं। वर्तमान में दीपक वनस्थली विद्यापीठ विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे हैं। अब तक उन्होंने तीन स्कोपस अनुक्रमित अंतरराष्ट्रीय विज्ञान व तकनीकी सम्मेलन में पांच शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने आपदा प्रबंधन क्षेत्र में एक शोध पत्र 7वीं अंतरराष्ट्रीय प्लेनेटरी डिफेंस कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत किया।

# एक साल नई मिसाल जनता को बरगलाने का कार्यक्रम : ललित फर्स्वाण

बागेश्वर। कपकोट के पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने प्रदेश सरकार के एक साल नई मिसाल कार्यक्रम के जरिए जनता को बरगलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एक साल नई मिसाल कार्यक्रम के नाम पर लोगों को बुलाकर उनकी फजीहत की जा रही है। उन्होंने बहुद्देशीय शिविर के नाम पर जरूरतमंद लोगों के दिव्यांग प्रमाण न बनाए जाने का आरोप लगाया। गरुड़ में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि प्रदेश सरकार एक साल के अपने कार्यकाल के दौरान विकास कार्यों का कोरा ढिढोरा पीट रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास चौपट है। शिविर में लोगों को बुलाकर उनके प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं। बैजनाथ–गरुड़–कौसानी की सड़क पांच साल से दुरस्त नहीं हो पाई है। उन्होंने सड़क के लिए स्वीकृत सत्रह करोड़ की धनराशि की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि पर्यटन व्यवसाय चौपट है। खड़िया और शराब माफियाओं को सरकार संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

## 3 अप्रैल तक मंडी व्यापारियों ने स्थगित किया आंदोलन

हल्द्वानी। मंडी के फल व्यापारियों ने अपने आंदोलन को तीन अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। सोमवार को मंडी सचिव की आलू फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन के साथ हुई वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया। गौरतलब है एक अप्रैल से मंडी में सभी काम ऑनलाइन किए जाने हैं। जिसका व्यापारी लगातार विरोध कर रहे हैं। इसके लिए एसोसिएशन ने आज यानी मंगलवार से मंडी में कारोबार बंद रखने का ऐलान किया था। मंडी सचिव दिग्विजय सिंह देव ने बताया कि मंडी निदेशक जिले में होने वाले जी 20 सम्मेलन में व्यस्त हैं।

# गुलदार की धमक से दहशत, पिंजरा लगाने की मांग



बागेश्वर। कठायतबाड़ा क्षेत्र में गुलदार घर के आंगन और बरामदे से मवेशियों को उठाने लगा है। जिसके कारण नागरिक भयभीत होने लगे हैं। उन्होंने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। रविवार की रात कठायतबाड़ा स्थित एक घर की सीढ़ी से चढ़ कर गुलदार बरामदे में घुस गया। वहां बंधे कुत्ते को उठा ले गया। काफी देर तक गुलदार सीसीटीवी में कैमरे में कैद हो गया। लोगों ने शोरगुल भी किया, लेकिन गुलदार वहां से झाड़ियों की तरफ भाग गया। इस बीच द्यांगण, कठायतबाड़ा, ठाकुरद्वारा, आरे तक गुलदार दिखाई दे रहा है। जिससे लोगों में दहशत फैल गई है। स्थानीय निवासी हीरा बल्लभ भट्ट, एनबी भट्ट, आनंदी देवी, गीता देवी, चंपा देवी आदि ने बताया कि बच्चों को सुबह कोचिंग नहीं भेज पा रहे हैं। इसके अलावा उनका खेलना भी बंद हो गया है। उन्होंने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। इधर, आरओ श्याम सिंह करायत ने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी जाएगी।(एजेंसी)

# मोटे अनाज के लिए मातृशक्ति को किया जागरूक

हल्द्वानी। नगर के आंबेडकर नगर में पोषण सप्ताह के तहत बाल विकास विभाग ने मोटे अनाज के मातृशक्ति को जागरूक किया। इस मौके पर गोद भराई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। लालकुआं स्थित आंबेडकर नगर वार्ड एक में आयोजित कार्यक्रम में ज्वार, मडुवा, काला चना, लोबिया, राजमा, बाजरा, मक्का आदि को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बाल स्पर्धा, निबंध प्रतियोगिताओं के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की ओर से मोटे अनाजों से बनाए व्यंजनों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए। इसमें अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। वहीं मुख्य अतिथि चेयरमैन लालचंद सिंह ने सर्दी के मौसम में मोटे अनाज के सेवन को स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताया। उन्होंने मातृशक्ति से भी मोटे अनाज का अधिक–अधिक से सेवन को कहा। इस मौके पर सुपरवाइजर जानकी उपाध्याय, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री पूजा जोशी, सीमा, दीपा, शरणजीत कौर, सबा बेगम, गीता चौधरी, तुलसी पत, ममता मिश्रा, रमा त्रिपाठी, भावना भट्ट, सुमन, प्रभा कांडपाल मौजूद रहे।(एजेंसी)

# 136 नशे के इंजेक्शन संग दो युवक गिरफ्तार



काशीपुर। पुलिस ने 136 नशीले इंजेक्शनों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी मेडिकल स्टोरों से इंजेक्शन खरीदकर नशेड़ियों को बेचते थे। सोमवार को कोतवाली में सीओ वंदना वर्मा ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया रविवार शाम कटोराताल चौकी इंचार्ज नवीन बुधानी टीम के साथ चेकिंग के लिए जा रहे थे। इस दौरान चीमा चौक पर जाम लग गया । जिसे खुलवाने के लिए वह लोग उतरे तो दो युवक उनको देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया। युवकों के हाथ में पकड़े दो बैगों की तलाशी लेने पर उसमें 136 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मोहल्ला काजीबाग निवासी आदिल उर्फ जुम्मा पुत्र बुद्धू और मोहल्ला महेशपुरा निवासी विशाल उर्फ विक्की पुत्र बताया। आरोपियों ने बताया वे इंजेक्शन बाग में नशेड़ियों को बेचते हैं। वह इंजेक्शन होली चौक के पास स्थित दो मेडिकल स्टोरों से खरीद कर लाते हैं। दोनों मेडिकल स्टोर बिना डॉक्टर की पर्ची के इंजेक्शन देते हैं। (एजेंसी)

# कैबिनेट मंत्री बहुगुणा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



सितारगंज ,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भाजपा नेता सुखदेव सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आगामी नगरपालिका व लोकसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए जुटने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सरकार हमेशा जनता के साथ खड़ी है।

धामी सरकार संगठन के साथ मिलकर चुनाव में किये वायदे पूरे करने में जुटी है। कहा कि सितारगंज नगर व ग्रामीण अंचलों में सड़कों का जाल बिछा रही है। गन्ना किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा रहा है। पशुपालन, मत्स्य पालन व स्वरोजगार के लिए योजनायें मंजूर की जा रही हैं।

यहां जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, योगेंद्र रावत, उपकार सिंह बल, लक्खा सिंह, राकेश गुप्ता, राकेश त्यागी, महेश मित्तल, विनय मित्तल, मुकेश सनवाल, जया जोशी, अवतार सिंह, आदेश चौहान, अमित रस्तोगी मौजूद रहे।(एजेंसी)

## आठ अप्रैल को होगी उत्थान मंच में बैठक

हल्द्वानी। उत्थान मंच हीरानगर में एक अप्रैल में होने वाली बैठक अब आठ अप्रैल को होगी। यह जानकारी सोमवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर तिवारी ने दी। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए पर्वतीय समाज व मंच में अधिक से अधिक सदस्यता लेने के लिए आह्वान किया।

उन्होंने बताया मंच की ओर से समाज के कुछ गणमान्य लोगों को विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। कार्यकारिणी ने सभी को एकजुट होते हुए पर्वतीय समाज व अपनी संस्कृति की रक्षा को एकजुट होने के लिए कहा।

बैठक में मुकेश चंद्र शर्मा, गोपाल बिष्ट, कमल किशोर, चंद्रशेखर परगांई, लक्ष्मण मेहरा, पुष्पा सम्बल, बिपिन बिष्ट रहे।

# बहुद्देशीय शिविर में 17 से अधिक शिकायतें आईं

रुद्रपुर। उत्तराखंड सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर एक साल नई मिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक कार्यालय में बहुद्देशीय शिविर लगाया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने दो दर्जन से अधिक स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। सोमवार को शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार पूजा शर्मा ने की। मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी। शिविर में बिजली, सिंचाई, राजस्व में खतौनी, ग्राम्य विकास, जलसंस्थान और सड़क निर्माण समेत 17 शिकायतें दर्ज की गईं। वहीं, किसानों ने बारिश से फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की। तहसीलदार ने दर्ज शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। शिविर में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 20 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए गए। जबकि सात महिला समूहों की सीसी लिमिट बढ़ाने की स्वीकृति दी गई। कुछ महिलाओं समूहों को विशेष कार्यो के लिए सम्मान पत्र दिया गया। यहां ब्लॉक प्रमुख पूनम रानी, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर, राजेश गुंबर, टिप्सन नरुला, सुरेश खुराना, नोडल अधिकारी संजय छिमवाल, खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी जगदीश चन्द्रा, विद्युत विभाग के जेई महताब अली, फरमान अली, डॉ. प्रशांत चौहान, डॉ. रवि शंकर झा रहे।

इन विभागों के लगे स्टॉल

कृषि, ग्राम्य विकास, कौशल विकास एवं सेवायोजना, बाल विकास, दुग्ध उत्पादक, उद्यान एवं खाद्य, आरबीएसके, यूपीसीएल, मत्स्य, पशुपालन, नगरपालिका परिषद, पंचायती राज, जल संचय जीवन, आयुर्वेदिक एवं स्वास्थ्य, अल्प संरक्षण, शिक्षा अभियान और खाद्य नागरिक उपभोक्ता विभाग आदि।(एजेंसी)

# किसानों ने उठाई चीनी मिल का पेराई सत्र बढ़ाने की मांग

रुद्रपुर। किसानों ने आगामी 30 मार्च तक चीनी मिल का पेराई सत्र बंद होने की आशंका को लेकर गन्ना प्रबंधक से मिलकर पेराई सत्र का समय बढ़ाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा उन्हें 26 मार्च के बाद की गन्ना पर्ची मिलनी बंद हो गई है। जबकि उनके खेत में अभी काफी गन्ना खड़ा है। इधर, गन्ना प्रबंधन भरोसा दिलाया कि किसानों के पूरे गन्ने को लेने की व्यवस्था की जाएगी।

सोमवार को किसानों ने चीनी मिल पहुंचकर गन्ना प्रबंधक ऋषिपाल सिंह से वार्ता की। किसानों ने आरोप लगाया चीनी मिल प्रबंधन चीनी मिल का पेराई सत्र बंद करने के लिए किसानों को दो नोटिस दे चुका है। गन्ना सोसायटी ने भी आगामी 26 मार्च के बाद की गन्ना पर्ची जारी करनी बंद कर दी है। जबकि किसानों का गन्ना अब भी खेत में खड़ा है। इस अल्प अवधि में किसानों का सारा गन्ना नहीं तुल पाएगा। जिससे किसानों को नुकसान होगा। गन्ना प्रबंधक ने किसानों को उनके शेष बचे गन्ने की तुलाई करने का भरोसा दिलाया। यहां संतोख सिंह, सलविंदर सिंह, विक्रम सिंह, गंगा सिंह, निर्मल सिंह, सुक्खा सिंह, त्रिलोक सिंह बिष्ट, सर्वजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह रहे।

**पूरा गन्ना लेने के बाद ही बंद होगा पेराई सत्रः ईडी**

किच्छा। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने भरोसा दिलाया कि किसानों का पूरा गन्ना लेने के बाद ही चीनी मिल का पेराई सत्र बंद किया जाएगा।(एजेंसी)

## रॉयल्टी से मंदिर का सौंदर्यीकरण करने की मांग

अल्मोड़ा। तहसील के समीपवर्ती पांडेकोटा के पंचायत प्रतिनिधियों और वन पंचायत सदस्यों ने वन पंचायत की रॉयल्टी में से डेढ़ लाख की राशि गांव के भूमिया मंदिर के सुधारीकरण में खर्च करने की मांग उठाई है। संयुक्त मजिस्ट्रेट को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि वन पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर गांव में जंगल में इस धनराशि से चहारदीवारी बनाने का निर्णय लिया है। जबकि पूर्व में दो बार बनाई जा चुकी पत्थरों की दीवार सफल नहीं हो पाई। गांव में खुली बैठक बुलाने के लिए सरपंच को निर्देशित करने की मांग उठाई गई है।

# उपपा का धरना–प्रदर्शन



अल्मोड़ा। धौलादेवी ब्लॉक में व्याप्त समस्याओं के निराकरण को लेकर उपपा ने मोर्चा खोल दिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को भनोली तहसील के गुरुड़ाबांज में धरना प्रदर्शन किया।

एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। सूखे से परेशान किसानों को मुआवजा देने, नैनी, दन्या, खेती व ध्याड़ी में आधार केंद्र खोलने, विकासखंड में फैल रहे नशे के कारोबार पर लगाम लगाने, नैनी मोटर मार्ग को बजेला मोटर मार्ग से जोड़ने, आदि मांगें उठाई। यहां एड. नारायण राम, उपपा संयोजक व राज्य आंदोलकारी बसंत खनी, कौस्तुबानंद भट्ट, शिवदत्त पांडे, बसंत राम, किशन सिंह खनी, शेर सिंह, राम सिंह, किशन सिंह, आनंदी वर्मा, रेवाधार जोशी, चंदन सिंह खनी, दीवान राम, शेर सिंह बोरा, शिवराज सिंह गैड़ा, हंसा दत्त, पंकज भट्ट, कृष्ण भट्ट, गोपाल सिंह बोरा, किशनानंद पाण्डे, उमेद सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाएं : भट्ट

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के बूथ सशक्तिकरण सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बूथों को मतबूत करने और सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा व स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने के निर्देश दिए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का नानकमत्ता आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का प्रदेश अध्यक्ष भट्ट और जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा और किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। इसके बाद विधानसभा के नानकमत्ता व झनकट मंडल में शक्ति केंद्र, बूथ प्रभारी, केंद्र प्रभारी व पन्ना प्रमुख की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि आगामी लोकसभा व स्थानीय चुनाव में परचम फहराने के लिए अभी से जुटना होगा। उन्होंने 30 मार्च तक बूथ एवं पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति करने को कहा। सम्मेलन के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष ने नानकमत्ता के बूथ संख्या 10 ऐजंनिया पहुंचकर बूथ कार्यकर्ताओं से बूथ की मजबूती पर चर्चा की। यहां महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री लीलावती राणा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, अमित नारंग, बूथ सशक्तिकरण के जिला संयोजक अमित नारायण, श्रीपाल राणा, गौरव वर्मा, इंद्रपाल सिंह, विमला बिष्ट, हिमांशु जोशी, कामिल खान, यासीन सलमानी आदि मौजूद रहे।

इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचकर मत्था टेका। उन्होंने राज्य की सुख–समृद्धि के लिए अरदास की। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डेरा कारसेवा पहुंचकर डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह से भेंट कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।(एजेंसी)

## 31 मार्च तक करें गृहकर जमा

काशीपुर। नगर पालिका ने गृहकर जमा कराने के लिए मुनादी कराई। कहा 31 मार्च तक गृहकर जमा कराने पर नागरिक पेनाल्टी से बच सकते हैं।

सोमवार को प्रधान लिपिक कपिल ने बताया गृहकर दाताओं को गृहकर जमा कराने को नोटिस भी भेजे गए हैं। 31 मार्च तक बकाया गृहकर जमा कराने पर कोई पेनाल्टी नहीं पड़ेगी।

# बहुउद्देशीय शिविर में दी ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी



बहुउद्देशीय शिविर को संबोधित करते हुए लैंसडौन विधायक मंहत दिलीप सिंह रावत।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'जन सेवा' थीम पर आज विकासखंडों कल्जीखाल, जयहरीखाल, द्वारीखाल, पोखड़ा में बहुउद्देशीय व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। जिलाधिकारी गढ़वाल के निर्देशन पर जारी रोस्टर के अनुसार जनपद के समस्त विकासखंडों में बीते 24 से आगामी 30 मार्च तक सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर बहुउद्देशीय व स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत विकासखंड पोखड़ा में 16 लोगों को अंत्योदय गैस कनेक्शन, 13 को कृषि यंत्र, 12 लोगों को पशुओं के लिए दवाई तथा स्वास्थ्य शिविर में 48 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही तीन युवा मंगल दल व तीन महिला मंगल दलों को विवेकानंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिन्हें प्रथम पुरस्कार 1500, द्वितीय 1000 व तृतीय पुरस्कार 500 चैक के माध्यम से दिया गया। विकासखंड कल्जीखाल में 112 परिवार रजिस्ट्री, 5 आधार कार्ड, 5 जाति प्रमाण पत्र, 5 पर्वतीय दस्तावेज बनाये गये तथा 8 लोगों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। वहीं विकासखंड जयहरीखाल व द्वारीखाल में भी बहुउद्देशीय व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि, पशुपालन, उद्यान, राजस्व सहित अन्य विभागों द्वारा लोगों को योजनाओं से लाभावित किया गया। शिविर में विधायक लैंसडाउन मंहत दिलीप रावत, ब्लाक प्रमुख पोखड़ा प्रीति देवी, उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, उपजिलाधिकारी चौबट्टाखाल संदीप कुमार, खंड विकास अधिकारी पोखड़ा ओमप्रकाश रावत, खंड विकास अधिकारी कल्जीखाल हरेंद्र कोहली, सांसद प्रतिनिधि राय सिंह नेगी, विधायक प्रतिनिधि पौड़ी प्रहलाद रावत सहित अन्य अधिकारी व आम जनमानस उपस्थित थे।

# मधुबन क्रिकेट क्लब ने जीती क्रिकेट चैंपियनशिप

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीकोट स्थित सीडीएस स्व. विपिन रावत स्टेडियम में खेली गई सीनियर डिस्ट्रिक्ट लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मधुबन क्रिकेट क्लब चैंपियनशिप अपने नाम की। जबकि रॉयल क्रिकेट क्लब की टीम उप विजेता घोषित हुई।

सोमवार को मधुबन क्रिकेट क्लब और रॉयल क्रिकेट क्लब के बीच प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। रॉयल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमसीसी की टीम ने आठ विकेट खो कर 236 रन बनाए। जिसमें सौरभ चौहान ने आकर्षक बल्लेबाजी करते हुए 83 गेंदों में शतक बनाया।

उनके साथ अमित कुंवर ने 45 रन और वैभव पंवार ने 27 रनों की पारी खेली। रॉयल क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजों में राजेंद्र ओली एवं सूरज राणा ने दो-दो विकेट और अमित चौहान व दिव्यांश नेगी ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल गढ़वाल क्रिकेट क्लब 9 विकेट के नुकसान पर 174 रन ही बना पाई। बल्लेबाजी में अमित चौहान ने 75 रन, हिमांशु नेगी ने 28 रन और कृष्ण बर्थवाल 16 रनों का योगदान दिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव माहिम वर्मा, विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री सलाहकार उत्तराखंड बीडी सिंह, जिओ वाइस प्रेसिडेंट योगेंद्र सिंह और देहरादून क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव विजय प्रताप मल्ल ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दी। मैच में ललित बिष्ट और प्रदीप कुमार ने अंपयार की भूमिका और यशीष रावत व हरि कृष्ण सिंह स्कोरर की भूमिका में रहे। मौके पर मनोज नौटियाल, प्रदीप मल्ल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## 31 मार्च को निकलेंगें लॉटरी

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में वितीय वर्ष 2023-24 हेतु विदेशी मदिरा दुकानों की लॉटरी आगामी 31 मार्च को जिला कार्यालय सभागार में निकाली जाएगी। प्रथम चरण में जनपद की विदेशी मदिरा दुकानों के नवीनीकरण के उपरान्त द्वितीय चरण में नवीनीकरण के पश्चात अवशेष विदेशी मदिरा दुकानों की लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवंटन किया जाना है।


## सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ग्राम गिंवई स्रोत कालाबड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल में 4 विश्वा भूमि एवं भवन वर्ष 2001 से खुद कास्त कब्जा है। जिसमें मैं अपने परिवार के साथ निवास करती हूं तथा मेरा पुत्र राजेश कुमार पुत्र श्याम सिंह मेरी पैतृक भूमि भवन जिला एटा मैनपुरी ग्राम रारपट्टी में अपने परिवार के साथ निवास करता है। मेरा पुत्र राजेश कुमार पुत्र श्याम सिंह एवं निशा पत्नी राजेश कुमार मेरे कहने सनने में नहीं, मेरे साथ मारपीट और गाली-गलौच करता है तथा झूठे केस में फंसाने की धमकी देते है। मैं अपने पुत्र राजेश कुमार पुत्र श्याम सिंह एवं निशा पत्नी राजेश कुमार से सम्बन्ध विच्छेद करती हूं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य एवं लेने देने के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगें। उनके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य व लेन-देने के मैं तथा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं रहेगा।

**नीरज देवी पत्नी श्याम सिंह**
**निवासी ग्राम गिंवई स्रोत**
**कालाबड़, तहसील कोटद्वार,**
**जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड**


# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के उमरावनगर स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्राथमिक वर्ग का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस दौरान शत प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय अध्यक्ष मोहनलाल मंमगाई, मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका भुवनेश्वरी देवी एवं मोहनी जोशी और विद्यालय प्रधानाचार्य कुंज बिहारी भट्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात नर्सरी कक्षा में नमन नेगी, एलकेजी में आराध्या नेगी, यूकेजी में शिवांश ध्यानी, प्रथम कक्षा में आयुष नेगी, द्वितीय में अंश बिष्ट, तृतीय में उत्कर्ष, चतुर्थ में समीक्षा तथा पंचम में सक्षम विडालिया को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही शत प्रतिशत उपस्थिति वाले पांच छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, छात्र–छात्रा व अभिभावक उपस्थित रहे।

## एनआईटी में जल्द होगी 29 पदों पर नियुक्ति

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के विभिन्न पदों पर जल्द ही नियुक्तियां होंगी। एनआईटी के निदेशक प्रो.ललित कुमार अवस्थी ने समूह क, ख, और ग के तहत रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार, मेडिकल अफसर, असिस्टेंट लाइब्रेरियन, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर, सुपरिन्टेन्डेन्ट, टेक्निकल असिस्टेंट, तकनीशियन, जूनियर असिस्टेंट, ऑफिस अटेंडेंट के रिक्त पदों को भरने के लिए विगत वर्ष अगस्त माह में विज्ञापन जारी किया था। एनआईटी प्रशासन के मुताबिक कुल 29 पदों के सापेक्ष लगभग 1300 आवेदकों ने आवेदन किया था। जिसमे प्रारंभिक जांच के बाद करीब 1168 आवेदन को चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए उपयुक्त पाया गया। प्रो. अवस्थी ने बताया कि सभी पदों पर नियुक्तियों के लिए 17 मार्च से 19 मार्च के बीच अलग अलग लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके लिए संस्थान के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा नोडल अफसर रिक्रूटमेंट डॉ. हरिहरन मुथुसामी को नियुक्त किया गया था। (एजेंसी)

# सरकार ने हर वर्ग को साथ लेकर किया काम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक में सोमवार को धामी सरकार के एक साल पूरे होने पर एक साल नई मिसाल के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें जनप्रतिनिधियों सहित सरकारी विभागों के अफसरों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सरकारी विभागों की ओर से अपने स्टॉल लगाते हुए योजनाओं की जानकारी लोगों को दी।

सोमवार को कल्जीखाल ब्लाक में आयोजित जनप्रतिनिधियों ने सरकार की एक साल की उपलब्धियां को गिनवाया। बताया कि सरकार ने हर वर्ग को साथ लेकर काम किया है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास योजनाओं का लाभ मिले। कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं।

आज खेलों को प्रोत्साहन मिल रहा है। पर्यटन और उद्योग नीति ऐसी बनाई गई है जिससे युवाओं को स्वरोजार से जुड़ने में मदद मिल सके। राजस्व, बाल विकास, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, राजस्व, कृषि, उद्यान ने अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं को जानकारी लोगों को दी।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रह्लाद सिंह रावत, सांसद प्रतिनिधि पौड़ी नगर धर्मवीर सिंह, पौड़ी के एसडीएम आकाश जोशी, तहसीलदार यशवीर सिंह, बीडीओ कल्जीखाल हरेंद्र कोहली, ग्राम प्रधान पल्ली मल्ली जयवीर रावत, ग्राम प्रधान प्रमोद रावत, नवीन कुमार मौजूद रहे।

## डीएम ने किया 30 शिकायतों का निस्तारण

टिहरी : जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने गूलर से जमोला तक के मोटर मार्ग के आगे के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग नरेंद्रनगर के ईई को स्टेट्स रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने यह आदेश भाकपा सचिव जगदीश कुलियाल के मांग पत्र पर दिए।जगदीश कुलियाल ने डीएम को बताया कि गूलर से सालब, भगवासेरा, घेराधार, जमोला मोटरमार्ग के आगे बीस किलोमीटर तक निर्माण के लिए वन भूमि स्थानांतरण की जरुरत पड़ रही है। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनता की समस्यायें सुनते हुए मौके पर ही 30 शिकायतों का निस्तारण किया।


## छावनी परिषद् लैन्सडौन (पौड़ी गढ़वाल)

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

छावनी परिषद् लैन्सडौन को प्रतिदिन पीने के शुद्ध पानी की आपूर्ति हेतु वाटर टैंकरों से जो प्रतिदिन लगभग 10000 लीटर से 60000 लीटर तक आवश्यकतानुसार पीने के पानी की आपूर्ति कर सके की आवश्यकता हेतु इस कार्यालय में पंजीकृत डीलरों/ठेकेदारों/सप्लायरों से ऑनलाइन कोटेशन www.defproc.gov.in वेबसाईट आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है :-

| | |
|---|---|
| कोटेशन फार्म ऑनलाईन भरने की तारीख | 07 अप्रैल 2023 समय 1100 बजे तक |
| कोटेशन खोलने की तारीख | 08 अप्रैल 2023 समय 1130 बजे |

कोटेशन फार्म www.defproc.gov.in वेबसाईट पर ऑनलाईन भरे जाएंगे व कोटेशनों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें भी इसी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

पत्रांक सं0 2511/2022-23/छा0परि0 — मुख्य अधिशासी अधिकारी

दिनांक : ..................मार्च 2023 — छावनी परिषद् लैन्सडौन


# पंच तत्व में विलीन हुए शिव चरण सिंह नेगी

## हरिद्वार जिले के ढंडेरा में ट्रेन से टैंक उतारने के दौरान हुई थी मौत बीईजी की 67 इंजीनियरिंग यूनिट में तैनात था शिवचरण सिंह नेगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः हरिद्वार जिले के ढंडेरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से टैंक उतारने के दौरान काल का ग्रास बने जहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत सुरमड़ी मल्ली निवासी शिवचरण सिंह नेगी का सोमवार को अंतिम संस्कार हो गया। शिवचरण सिंह नेगी बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप सेंटर (बीईजी) की 67 इंजीनियरिंग यूनिट में तैनात थे।

सोमवार को शिव चरण सिंह नेगी का पार्थिव शरीर कोटद्वार पहुंचा। जहां मुक्तिधाम में उनके छोटे भाई त्रिभुवन नेगी ने उन्हें मुखाग्नि दी।

इससे पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश कोहली, उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने भी पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। शिवचरण सिंह नेगी के जीजा हरीश रावत ने बताया कि शिव चरण सिंह नेगी अपने पीछे पत्नी अनीता देवी व अपनी दो पुत्री शिवांशी (दस) एवं स्तुति (चार) को छोड़ गए हैं। बताया कि शिव चरण सिंह नेगी वर्ष 2007 में बंगाल इंजीनियरिंग में भर्ती हुए थे।

## मृतक आश्रित कर्मचारियों को नियमित करने की मांग उठाई

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : लोक निर्माण विभाग नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ की पाबौ में बैठक हुई। इसमें संघ ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही मृतक आश्रित कर्मचारियों को नियमित करने, वर्कचार्ज से नियमित हुए कर्मचारियों की वर्कचार्ज की सेवा बहाल करने, कर्मचारियों को पेंशन की मांग की। लोनिवि निर्माण खंड पाबौ में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह भंडारी ने कहा कि वर्कचार्ज से नियमित हुए कर्मचारियों की वर्कचार्ज की सेवा बहाल नहीं हो पाई है। इससे कर्मचारियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने वर्कचार्ज से नियमित हुए कर्मचारियों की वर्कचार्ज की सेवा बहाल करने, कर्मचारियों को पेंशन की मांग की। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने मृतक आश्रित कर्मचारियों को ज्वाइनिंग की तिथि से ही नियमित करने की मांग भी उठाई। जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह भंडारी की अध्यक्षता में आयाजित बैठक में डब्बल सिंह, धर्म सिंह, मनोज सिंह, प्रकाश पंत, प्रेमलाल, बेलम सिंह, राम सिंह, कलम सिंह, जगदीश, बलवंत सिंह, किंगला देवी आदि मौजूद रहे।

# गढ़वाल विवि की डॉ. ममता के शोध पत्र को मिला पहला स्थान

श्रीनगर गढ़वाल : ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी देहरादून में आयोजित इंटरनेशनल कॉफ्रेंस ऑन माउंटेन इकोसिस्टम बायोडाइवर्सिटी एडं अडैप्टेशनल अण्डर क्लाइमेट चेंज सिनेरियों में गढ़वाल विवि की जैव प्रौद्यगिकी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ममता आर्य के शोध पत्र को प्रथम पुरस्कार मिला है। कार्यक्रम में ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी देहरादून के कुलपति प्रो. नरपिंदर सिंह, प्रोग्राम को-ओर्डिनेटर सांइटिस्ट डॉ. अनीता पाण्डेय, नेपाल के डॉ. एकलव्य शर्मा ने डॉ. आर्य को पुरस्कृत किया। अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के सौ से अधिक आवेदकों ने प्रतिभाग किया।

ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में 22 से 24 मार्च तक इंटरनेशनल कांफ्रेस में गढ़वाल विवि में डॉ. ममता आर्य ने बायोसार्पशन ऑफ मैग्नीज बाय थर्मोफिलिक बैक्टीरिया पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने जल प्रदूषण के एक मुख्य कारक हैवी मेटल, मैग्नीज के अवशोषण में गर्म पानी के स्रोतों में पाए जाने वाले बैक्टीरिया की उपयोगिता विषय पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया। शोध पत्र को प्रस्तुत करती हुई डॉ. आर्य ने बताया कि किस तरह बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण नदीयों में हैवी मेटलस की मात्रा दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। जो कि जलीय जीव जंन्तुओं व मानव के लिए हानिकारक साबित हो रही है। डॉ. आर्य की इस उपलब्धि पर गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल, जैव प्रोद्योगिकी के विभागाध्यक्ष प्रो. जीके जोशी सहित आदि ने शुभकामनाएं देते हुए खुशी जाहिर की है। (एजेंसी)


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**ई–निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित अधिकारियों हेतु एक–एक बन्द बाडी डीजल चालित जीप/यूटिलिटी दो वर्ष की अवधि के लिये किराये पर लेने हेतु अनुभवी, वाहन मालिकों/ट्रैवल एजेन्सी/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि, तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) आमन्त्रित की जाती है। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/डीडी के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते है। कार्य अन्य विवरण के लिये वेबसाइट www.uktenders.gov.in को देखें।

| ई–निविदा संख्या | ई–निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी सहित) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | ई–निविदा क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र आनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा प्रथम भाग खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06/EDDN/22–23 | रू0 590/– | उपखण्ड अधिकारी, वि0वि0 उपखण्ड, रिखणीखाल हेतु। | 0.22 | दि0. 12.04.2023 16.00 बजे तक | दि0. 13.04.2023 11.00 बजे तक | दि0. 13.04.2023 15.00 बजे तक |

पत्रांक : 214/विविखनै/टी–6 दिनांक : 27.03.2023 — अधिशासी अभियन्ता

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)


# चार धाम यात्रा से पहले मॉक ड्रिल करें : डीएम





जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को आगामी चार धाम यात्रा व अस्पताल जनता के द्वार कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली।

डीएम ने सीएमओ को चार धाम यात्रा से पहले मॉक ड्रिल करने, एम्बुलेंस चालकों के मोबाइल नम्बर सहित लिस्ट कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध कराने, मेडिकल स्टाफ के साथ साथ पर्याप्त मात्रा में मेडिसीन, आक्सीजन, छोटे उपकरण रखने के निर्देश दिए। पाण्डुकेश्वर में हैल्थ पोस्ट के लिए स्थान चिन्हित करने, घांघरिया में मेडिकल रिलीव पोस्ट के लिए भवन हस्तांतरित करने को लेकर एसडीएम जोशीमठ से पत्राचार करने को कहा। साथ ही जिन संसाधनों के लिए बजट की आवश्यकता है उसमें शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। वहीं अस्पताल जनता के द्वार के छूटे हुए मानसिक व ईएनटी के रोगियों के लिए दूसरे जिलों से विशेषज्ञ बुलाकर कैंप लगाने तथा इस साल का रोस्टर जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, सीएमओ राजीव शर्मा, एसीएमओ वीपी सिंह, हरीश थपलियाल, डॉ. आलिन्द पोखरियाल सहित अन्य वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# डीएम ने कागजी खानापूर्ति पर जताई नाराजगी

उत्तरकाशी : जल जीवन मिशन की समीक्षा में जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने कागजी खानापूर्ति पर नाराजगी जताई। उन्होंने जल संस्थान एवं जल निगम को जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जल संस्थान पुरोला की प्रगति पर डीएम ने नाराज होकर एसडीएम पुरोला को विभागीय कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण कर सुधार लाने को कहा।सोमवार को समीक्षा बैठक में सामने आया कि जिले के कई गांवों में अब तक विभाग ने टेंडर आमंत्रित करने के बाद भी काम शुरू नहीं किया है। साथ ही कई गांवों में पेयजल योजना को धरातल पर उतारने के लिए अब तक टेंडर तक नहीं किए थे। जहां काम हुआ भी है, वहां कई जगहों पर नलों में पानी तक नहीं आ रहा है। अधिकारियों से जवाब मांगने के बाद डीएम ने कार्यशाली में सुधार लाते हुए मिशन के कार्यों को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिशासी अभियंता जल निगम को कहा कि ग्रामीणों की पेयजल समस्याओं को गंभीरता से लें। उन्होंने सालरा मोरी में पुनः सर्वे कर योजना की डीपीआर तैयार करने को कहा। जिलाधिकारी ने गंगाड मोरी तथा मोरगी चिन्यालीसौड़ में पेयजल कार्यों में तेजी लाने के लिए शीघ्र निविदाएं आमंत्रित करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अधिशासी अभियंता जल जीवन मोहम्मद मोसिन, जल संस्थान बीएस डोगरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (एजेंसी)


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0 व ई0पी0एफ0 व ई0एस0आई0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 13.04.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के कार्यालय से दिनांक 12.04.2023 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 16/2022–23 | रू0 100/– | वि0वि0 उपखण्ड स्यूसी के अन्तर्गत पेयजल निर्माण निगम हेतु ग्राम–किलाद में लाइन निर्माण का कार्य। | 5000.00 |

पत्रांक : 213/विविखनै/टी–6
दिनांक : 27.03.2023

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)


# बहुउद्देशीय शिविर में सड़क, आवास, रोजगार की 20 शिकायतें दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्रीय जनता को उपलब्ध कराने के लिए एक साल नई मिसाल व जन सेवा थीम पर बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन विधायक केदारनाथ श्रीमती शैला रानी रावत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में सड़क, आवास, रोजगार आदि की लगभग 20 समस्याएं दर्ज की गई हैं। इस मौके पर विभिन्न विभागों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के चैक वितरण कर लाभान्वित किया गया। पीएचसी परिसर चन्द्रनगर में आयोजित जन सेवा बहुउद्देशीय शिविर में क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में एक साल के कार्यकाल में कई महत्वकांक्षी योजनाएं धरातल पर उतराते हुए अंतिम छोर में रह रहे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे कि गरीब व्यक्तियों विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी समस्याएं इस शिविर में प्राप्त हुई हैं उन समस्याओं का निस्तारण शीघ्रता से शीघ्र करना सुनिश्चित करें। उन्होने क्षेत्रीय जनता से कहा कि दूरदराज क्षेत्रों में जो शिविर आयोजित किये जा रहे है, उन शिविरों का लाभ स्थानीय जनता को उठाना चाहिए, उनकी जो भी समस्याऐं है उन समस्याओं को अवश्य दर्ज करायें, कि उनका निराकरण शीध्रता से किया जा सके। उन्होनें कहा है कि क्षेत्र के बच्चों के दृष्टिगत क्षेत्र में आईटीआई खोलेने की कार्यवाही की जा रही है, इसके साथ ही कार्तिक स्वामी को प्रसिद्व धाम बनाये जाने के लिए सरकार इस दिशा में कार्य कर रही।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र नेगी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जन सेवा बहुउदेशीय शिविर में क्षेत्रीय जनता द्वारा जो भी समस्याऐं दर्ज कराई गयी है उनका तत्परता से निस्तारण करना सुनिश्चित करे, इसमें किसी भी तरह से लापरवाही न की जाए। कार्यक्रम का सफल संचालन किशन सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुमन नेगी, ग्राम प्रधान केडा चन्द्रनगर शकुन्तला देवी, ग्राम प्रधान भ्रणज सुशीला देवी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य भाजपा श्रीमती शकुन्तला जगवाण, विक्रम नेगी, परियोजना निदेशक केके पंत, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई ओम जी गुप्ता, लोक निर्माण विभाग ऊखीमठ मनोज भट्ट, खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीन भट्ट आदि विभागीय अधिकारियों सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि, पात्र लाभार्थी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव — G20

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 344-DRM-MB-22-23 Date :- 24.03.2023 | 346-DRM-MB-22-23 Date :- 25.03.2023 | 347-DRM-MB-22-23 Date :- 25.03.2023 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मण्डल अभियंता उत्तर रेलवे शाहजहाँपुर के अधीन, शाहजहाँपुर स्टेशन पर मुरादाबाद end पर प्लेटफार्म संख्या 1 से 6 और प्लेटफार्म संख्या 1 एवं 2 (टर्मिनल साइड) से FOB के प्रावधान के संबंध में सिविल कार्य। | सहायक मण्डल अभियंता शाहजहाँपुर के अधीन शाहजहाँपुर रेलवे स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश द्वार का सुधार, प्रथम एवं तृतीय प्रवेश द्वार को मिलाकर मुख्य प्रवेश द्वार का पुनः विकास और पार्किंग की व्यवस्था एवं द्वितीय द्वार के अर्न्तगत भवन निर्माण का कार्य। | सहायक मण्डल अभियंता बरेली के अधीन Scouring को रोकने के लिए एबेटमेण्ट और पियर के चारों तरफ स्टोन बोल्डर और W.N.T बोलडर एप्रन सहित पुल संख्या 1126 अप/डाउन की मरम्मत का कार्य और स्टोन पिचिंग द्वारा पुल की एप्रोच और एबेकमेण्ट की मजबूती का कार्य और अन्य विविध प्रकार के कार्य। |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 18.04.2023, 16:00 hrs. | 18.04.2023, 16:00 hrs. | 18.04.2023, 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत (रु.) | 2,32,48,640.89 | 4,11,66,180.42 | 84,99,932.24 |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,66,300.00 | 3,55,800.00 | 1,70,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 04.04.2023 | 04.04.2023 | 04.04.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह | 03 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 25.03.2023 937/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# यात्रा से पूर्व कोरोना की आहट

कोरोना की आहट एक बार फिर सुनाई देने लगी है जिसके बाद उत्तराखंड में भी स्वास्थ्य विभाग अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रहा है। उत्तराखंड में अभी भी कोरोना के 25 सक्रिय मामले है जबकि इस दर को कमतर करने की कोशिश की जा रही है। कोरोना के असर को देखते हुए प्रदेशभर में एडवाइजरी जारी की गई है जिसको लेकर स्वास्थ्य अधिकारी बैठक के माध्यमों से स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इस वर्ष उत्तराखंड में जनवरी से अब तक कोरोना संक्रमण के 90 मामले मिले हैं। राहत की बात यह है कि रिकवरी होने की दर काफी उत्साहजनक है जिसके कारण पिछले कुछ समय में उत्तराखंड में कोरोना का एक भी मामला प्रकाश में नहीं आया था। दावा किया जा रहा है कि कोरोना संक्रमण को रोकथाम व बचाव के लिए विभाग पूरी तरह से तैयार है एवं पूरे प्रदेश में सेंपलिंग लेने के साथ–साथ संक्रमित या संदिग्ध मरीजों की निगरानी की जा रही है। संक्रमण पर नियंत्रण करने के लिए नियमित रूप से राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में कोविड सैंपलों की नियमित रूप से जीनोम सीक्वेंसिंग की जा रही है। जिससे कोरोना के नये वेरिएंट की पहचान हो सके। ना केवल उत्तराखंड बल्कि केंद्र सरकार भी एक बार फिर पैर पसार रहे कोरोना संक्रमण के मद्देनजर अलर्ट मोड पर है। अप्रैल माह में उत्तराखंड में चार धाम यात्रा शुरू होनी है और यदि इससे पूर्व कोरोना के आंकड़े बढ़ने लगे तो निश्चित तौर पर इसका असर यात्रा पर भी नजर आएगा। देश में कोरोना के मामले बढ़ने पर केंद्र सरकार ने एडवाइजरी जारी कर दी है, और इन परिस्थितियों में निश्चित तौर पर श्रद्धालुओं की नजर उत्तराखंड के कोरोना आंकड़ों पर भी रहेगी। लिहाजा यह जरूरी है कि उत्तराखंड सरकार कोरोना को लेकर किसी भी प्रकार की ढलाई ना बरतें और तमाम व्यवस्थाओं को चाक–चौबंद रखें। राहत की बात यह है कि गत वर्षों में कोरोना के हालातों के बाद राज्य सरकार ने ऑक्सीजन वह आइसोलेशन वार्ड समेत कई अन्य तैयारियों को धरातल पर उतारा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल में कोरोना जांच की सुविधा उपलब्ध है। राज्य सरकार को संक्रमण की संभावनाओं के प्रति गंभीरता बरतनी के साथ–साथ जागरूकता पर भी काम करना होगा। धाम यात्रा की शुरुआत के लिए अब एक महीने से भी कम का समय रह गया है लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करा लिए हैं तथा राज्य सरकार ने ऑनलाइन पंजीकरण के अलावा ऑफलाइन पंजीकरण का विकल्प भी खोल दिया है। इन परिस्थितियों में बाहरी राज्यों से रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड आएंगे जिनकी जांच की बड़ी चुनौती सरकार के आगे होगी। साथ ही संकरण पर नियंत्रण करने के लिए व्यापक तौर पर स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती व संसाधन जुटाना कोई आसान कार्य नहीं होगा। यदि शुरुआत से ही बुनियादी स्तर पर व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने पर कार्य होगा तो निश्चित तौर पर इसके परिणाम भी अच्छे ही मिलेंगे।

# डब्ल्यूपीएल–2023 : दनादन रन झमाझम धन

**क्रिकेट में पुरुषों का बोलबाला था, पुरुष को ध्यान में रखकर प्रोडक्ट का प्रचार उनकी मजबूरी बन गई थी। अब महिला प्रीमियर लीग ने उनके लिए नया मंच मुहैया कराया है, जहां वे महिलाओं से जुड़े प्रोडक्ट का भी प्रचार–प्रसार कर पाएंगे। महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने वाले कई ब्रांड या तो महिला टीमों के माध्यम से या फिर ब्रॉडकास्टर के माध्यम से टूर्नामेंट से जुड़े हुए हैं। आज हम सौंदर्य प्रसाधन से लेकर आभूषण और यहां तक कि साड़ी के ब्रांड तक क्रिकेटरों को ब्रांड एम्बेसडर बना रहे हैं। तनिष्क, वेगा ब्यूटी, हिमालय फेस केयर आदि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्रमुख प्रायोजकों शामिल हैं, और नवासा व जॉय पर्सनल केयर दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख प्रायोजक हैं। लोटस हर्बल्स मुंबई इंडियंस का प्रमुख भागीदार है। इससे साफ हो जाता है कि महिला प्रीमियर लीग ने आगामी क्रिकेटरों के लिए भविष्य के राह खोल दिए हैं।**



**संदीप भूषण**

वर्ष 1976 में पहला टेस्ट मैच खेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को भारतीय क्रिकेट बोर्ड का हिस्सा बनने में तीन दशक का समय लगा और 2006 के करीब भारतीय महिला क्रिकेट संघ का बीसीसीआई में विलय हुआ।

हालांकि, खेल में महिलाओं की दावेदारी 2016 के रियो ओलंपिक और 2018 के क्रिकेट विश्व कप प्रदशर्न ने और मजबूत कर दी। बदलाव की यही जो नींव पड़ी आज महिला प्रीमियर लीग के रूप में बेहतर मुकाम पाने की तरफ बढ़ रही है। छब्बीस मार्च को जिस भी टीम की जीत हो, महिला क्रिकेट इतिहास के लिए यह स्वर्णिम दिन होगा। इस प्रीमियर लीग ने जहां एक तरफ पुरु ष का खेल माने जाने वाले क्रिकेट में महिलाओं की जबरदस्त उपस्थिति दर्ज कराई है, वहीं आर्थिक मोर्चे पर भी कई सफलताएं हासिल कर ली हैं। लीग के पहले सत्र में ही मीडिया अधिकार पाने की होड़ लगी हुई थी। अंत में रिलायंस के अधिकार वाले बायोकॉम ने 951 करोड़ की बोली लगाकर पांच वर्ष के लिए इसे हासिल किया और प्रति मैच 7.09 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई।

यह पहली कामयाबी थी, जिससे समझना आसान हो गया कि क्रिकेट में महिलाएं भी पुरु षों के बराबर पर खड़ी हो सकती हैं। पुरु ष आईपीएल की शुरु आत में 2008 में सोनी ने मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए (2008–17) 8,200 करोड़ रु पये का भुगतान किया था। बाद में जब डिज्नी–स्टार ने मीडिया अधिकार हासिल किए तो 2018 से 2022 के बीच उसका मूल्य दोगुना बढ़कर 16,347.5 करोड़ रु पये यानी प्रति मैच 55 करोड़ रु पये हो गया। यह महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले भले ही कम हो, लेकिन शुरु आत बेहतर होने से आगामी सत्रों के लिए उम्मीद तो बढ़ी ही है। प्रायोजकों ने भी महिला प्रीमियर लीग को हाथों–हाथ लिया है। साफ है कि बीते 15 वषों में ब्रांडों के लिए आईपीएल के साथ जुडना़ प्राथमिकता रही है।

सभी बड़े ब्रांड अपने टारगेट ऑडियंस तक पहुंचने के लिए इसे सबसे सटीक माध्यम मानते हैं।

चूंकि क्रिकेट में पुरुषों का बोलबाला था, पुरुष को ध्यान में रखकर प्रोडक्ट का प्रचार उनकी मजबूरी बन गई थी। अब महिला प्रीमियर लीग ने उनके लिए नया मंच मुहैया कराया है, जहां वे महिलाओं से जुड़े प्रोडक्ट का भी प्रचार–प्रसार कर पाएंगे। महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने वाले कई ब्रांड या तो महिला टीमों के माध्यम से या फिर ब्रॉडकास्टर के माध्यम से टूर्नामेंट से जुड़े हुए हैं। आज हम सौंदर्य प्रसाधन से लेकर आभूषण और यहां तक कि साड़ी के ब्रांड तक क्रिकेटरों को ब्रांड एम्बेसडर बना रहे हैं। तनिष्क, वेगा ब्यूटी, हिमालय फेस केयर आदि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्रमुख प्रायोजकों शामिल हैं, और नवासा व जॉय पर्सनल केयर दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख प्रायोजक हैं। लोटस हर्बल्स मुंबई इंडियंस का प्रमुख भागीदार है। इससे साफ हो जाता है कि महिला प्रीमियर लीग ने आगामी क्रिकेटरों के लिए भविष्य के राह खोल दिए हैं। महिला खिलाड़ियों की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें भी खूब मेहनत कर रही हैं।

जमीनी स्तर की प्रतिभा को निखारने के लिए खेलों इंडिया जैसे आयोजन हो रहे हैं, तो इंफ्रास्ट्रक्टर के मोर्चे पर भी खूब खर्च किया जा रहा है। हॉकी और एथलेटिक्स में कॅरियर बनाने की चाह रखने वाली महिला खिलाड़ियों के लिए ओड़िशा सबसे माकूल जगह बनकर उभरा है। हरियाणा कुश्ती का हॉटस्पॉट बन गया है तो यूपी उत्तर भारत में बैडमिंटन और एथलेटिक्स के साथ क्रिकेट खिलाड़ियों की फौज तैयार कर रहा है, तो झारखंड तीरंदाजी, बिहार और हिमाचल रग्बी आदि के खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं। हैदराबाद बैडमिंटन में सिरमौर है तो नॉर्थ–ईस्ट मुक्केबाज तैयार कर रहा है। उत्तर प्रदेश में महिला खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार पूरे प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को तलाशने की योजना पर काम कर रही है। सरकार इसके तहत शॉर्टलिस्ट की गई महिला एथलीटों को 5 लाख रु पये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

गौरतलब है कि क्रिकेट में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी ने जब पहली बार अंडर–19 विश्व कप का आयोजन किया तो पूरे टूर्नामेंट में लड़कियों का दमखम देखते ही बन रहा था। भारत ने खिताब जीता और टीम में वो लड़कियां शामिल थीं, जिन्होंने अभाव में अपने हुनर को निखारा। ग्यारह में से सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश की चार महिला क्रिकेटरों ने अपने प्रदशर्न से मोहित कर दिया। एक तरफ बुलंदशहर जैसे छोटे कस्बे से आई हरफनमौला पार्श्वी चोपड़ा थीं तो प्रयागराज की फलक नाज और फिरोजाबाद की सोनम यादव ने अपनी मेहनत का लोहा मनवाया। हरियाणा, पश्चिम बंगाल, पंजाब जैसे राज्यों के छोटे से गांव की लड़कियों ने समाज की रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़कर लैंगिक समानता हासिल करने की लड़ाई लड़ी।

# राहत लेकर राहुल क्या करेंगे?



कांग्रेस पार्टी के नेता भरोसे में हैं कि राहुल गांधी को ऊपरी अदालत से राहत मिल जाएगी। लेकिन सवाल है कि राहत लेकर राहुल गांधी क्या करेंगे? क्या कोर्ट से राहत हासिल करके अपनी लोकसभा की सदस्यता बहाल करा लेंगे तो उससे राहुल को फायदा होगा? क्या उसके बाद कांग्रेस इस बात का प्रचार करेगी कि सरकार अदालत में हार गई? इसका कोई राजनीतिक फायदा कांग्रेस को नहीं मिलेगा।

इसकी बजाय राहत हासिल करने के बाद अगर राहुल गांधी लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दें वह उनके लिए ज्यादा फायदेमंद हो सकता है।

लेकिन उससे पहले राहत की संभावना पर गौर करें। राहुल जिस मामले दोषी करार दिए गए हैं उसमें अधिकतम सजा दो साल की होती है, जो उनको हुई है। उनके जिस बयान पर सजा हुई है उसकी भी मनमानी व्याख्या की गई है। उस व्याख्या के आधार पर उनको सजा हुई है। इसलिए संभावना है कि उनको राहत मिल जाएगी। लेकिन सवाल है कि क्या कोर्ट से राहत मिलने के बाद उनकी सदस्यता बहाल हो जाएगी? लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल को भी हाई कोर्ट से राहत मिल गई है लेकिन अभी तक लोकसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता बहाल नहीं की है। वे इसके लिए सुप्रीम कोर्ट जाने वाले हैं।

तभी सवाल है कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से राहत हासिल करके सदस्यता बहाल कराने के लिए भटकने की बजाय राहुल गांधी को राहत मिलने के बाद सदस्यता बहाल कराने नहीं जाना चाहिए।

कांग्रेस के कई नेता मान रहे हैं कि सदस्यता बहाल कराने की बजाय राहुल ऐलान कर दें कि वे 2024 में जीत कर ही फिर संसद में आएंगे और फिर देश के दौरे पर निकल जाएं तो कांग्रेस को उसका ज्यादा फायदा मिलेगा। कानूनी तरीके से सदस्यता बहाल कराने की बजाय लड़ कर सदस्य बनने से राहुल का कद भी बढ़ेगा।

# सुन भर लेने की चेतावनी



अब तो दुनिया कुछ इस तरह बंट गई है कि साझा चिंता के विषय कहीं पीछे छूट गए हैं। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र की अंतर–सरकारी एजेंसी– आईपीसीसी ने फिर एक रिपोर्ट पेश की है। लेकिन उसकी परवाह कौन करेगा?

जलवायु परिवर्तन से संबंधित चेतावनियों से पहले भी कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा था, लेकिन अब तक इनका महत्त्व बस सुन भर लेने लायक बचा है। यूक्रेन युद्ध के पहले तक यह स्थिति कि ऐसी चेतावनियों पर दुनिया भर की सरकारें चिंता जताती थीं। वे जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए वैश्विक साझा प्रयासों का संकल्प दिखाती थीं। लेकिन अब तो दुनिया कुछ इस तरह बंट गई है कि साझा चिंता के विषय कहीं पीछे छूट गए हैं। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र की अंतर–सरकारी एजेंसी– आईपीसीसी ने फिर एक रिपोर्ट पेश की है। समिति की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस सदी के अंत की बजाए अगले 17 साल में ही वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। 36 पन्नों की रिपोर्ट को समरी फॉर पॉलिसीमेकर्स नाम दिया गया है। आईपीसीसी की इस छठी रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते वर्षों में जो भी गर्मी देखी गई, वह आने वाले वर्षों के मुकाबले ठंडी महसूस होगी। यानी तपिश इतनी ज्यादा बढ़ जाएगी बीते वर्षों की गर्मियां उनके आगे ठंडी लगने लगेंगी।


तो अब कई वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मौजूदा हालात बने रहे, तो साल 2100 तक पृथ्वी का औसत तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा। इसका असर आधी इंसानी आबादी पर पड़ेगा। बहुत ज्यादा गर्मी और अत्यधिक नमी जानलेवा साबित होगी। रिपोर्ट में शामिल विश्व मानचित्र में दिखाया गया है कि दक्षिण पूर्वी एशिया और ब्राजील और पश्चिमी अफ्रीका के कुछ इलाकों को भीषण गर्मी झेलनी पड़ेगी।

जाहिर है, ये परिवर्तन दुनिया की अर्थव्यवस्था पर भी भारी पड़ेंगे। वे सामाजिक ताने–बाने पर भी असल डालेंगे। गौरतलब है कि यूक्रेन युद्ध की वजह से पैदा हुए ऊर्जा संकट के कारण कई यूरोपीय देशों में बिजली बनाने के लिए कोयले का इस्तेमाल फिर से बढ़ा है।

जबकि पहले यूरोप ही जलवायु परिवर्तन से मुकाबले में सबसे आगे दिखता था। ताजा घटनाक्रम के कारण ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन फिर से बढने की आशंका है। ऐसे में उत्सर्जन घटाने की बातों का कितना वजन बचता है? आज की दुनिया अपने वर्तमान और स्वार्थ में बेहद सिमट चुकी है। इससे भविष्य संवारने की आशा रखना बेमतलब ही है।

**जलवायु परिवर्तन से संबंधित चेतावनियों से पहले भी कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा था, लेकिन अब तक इनका महत्त्व बस सुन भर लेने लायक बचा है। यूक्रेन युद्ध के पहले तक यह स्थिति कि ऐसी चेतावनियों पर दुनिया भर की सरकारें चिंता जताती थीं। वे जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए वैश्विक साझा प्रयासों का संकल्प दिखाती थीं। लेकिन अब तो दुनिया कुछ इस तरह बंट गई है कि साझा चिंता के विषय कहीं पीछे छूट गए हैं। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र की अंतर–सरकारी एजेंसी– आईपीसीसी ने फिर एक रिपोर्ट पेश की है। समिति की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस सदी के अंत की बजाए अगले 17 साल में ही वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। 36 पन्नों की रिपोर्ट को समरी फॉर पॉलिसीमेकर्स नाम दिया गया है। आईपीसीसी की इस छठी रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते वर्षों में जो भी गर्मी देखी गई, वह आने वाले वर्षों के मुकाबले ठंडी महसूस होगी।**

# घर पर काले बालों को ब्लीच करने के लिए अपनाएं यह तरीका



अगर आप अपने लुक में बदलाव करने के लिए बालों को ब्लीच करने की सोच रहे हैं तो इसके लिए आपको सैलून जाना ही जरूरी नहीं है। बालों को ब्लीच करना कोई रॉकेट साइंस नहीं है और आप इसे घर पर थोड़ी सावधानी बरतते हुए आराम से कर सकते हैं। बस ध्यान रखें कि ब्लीच आंखों और त्वचा के संपर्क में नहीं आनी चाहिए। आइए आज हम आपको घर पर बालों को बीच करने का तरीका बताते हैं।

**सबसे पहले सिर पर लगाएं तेल**

ब्लीचिंग के दिन सबसे पहले बालों पर गुनगुना नारियल या जैतून का तेल लगाएं क्योंकि यह एक डीप कंडीशनर के रूप में काम करता है। इसके बाद ब्लीच से त्वचा को बचाने के लिए अपने सामने की हेयरलाइन, कानों और नेकलाइन पर पेट्रोलियम जेली लगाएं। अब बालों को आगे की तरफ दो और सिर के पीछे दो हिस्सों में बांट लें। इस काम को आसान बनाने के लिए टाइट हेयर क्लिप का इस्तेमाल करें।

**बालों को चार भागों में बांटें**

बालों को चार भागों में बांटने के बाद हाथों में ट्रांसपेरेंट दस्तानों पहनें और एक मिक्सिंग बाउल में मिक्सिंग ब्रश का इस्तेमाल करके ब्लीच को डेवलपर के साथ मिलाएं। इसके बाद मिश्रण का सेंपल टेस्ट करें और अगर 5 मिनट तक आपको इससे कोई दिक्कत नहीं हुई तो मिश्रण को बालों के पीछे वाले हिस्सों पर लगाना शुरू करें। प्रत्येक हिस्से पर ब्लीच लगाते ही बालों को एल्युमिनियम फॉयल में लपेट दें।

**इस तरह से जड़ों पर लगाएं ब्लीच**

बालों की जड़ों को ब्लीच करने के लिए आपको पीछे से शुरू करना होगा और इसके लिए आपके पास दो शीशे (एक सामने और एक पीछे) होने चाहिए या फिर की सहायक। अब जड़ों को ब्लीच करने के लिए टिनिंग ब्रश की नोक से बालों को पलटें। बालों के जिस हिस्से पर आप काम कर रहे हैं, उसके दोनों तरफ ब्लीच को लगाएं। यह काम थोड़ा धीरे से करें ताकि ब्लीच चेहरे के संपर्क से दूर रहे।

**30 मिनट से ज्यादा सिर पर न लगाकर रखें ब्लीच**

पूरे सिर पर ब्लीच लगाने के बाद शावर कैप लगा लें और 10 मिनट के बाद चेक करें कि बालों का रंग हल्का हुआ? अगर नहीं तो हर 5–10 मिनट के बाद चेक करें। ब्लीच को कभी भी 30 मिनट से ज्यादा न रहने दें क्योंकि इससे स्कैल्प को नुकसान पहुंच सकता है। इसके बाद आप देखेंगे कि आपके बालों का रंग प्राकृतिक गहरे काले से नारंगी से हल्के पीले रंग में बदल जाएगा।

**सिर को धोने और बालों की देखभाल करने का तरीका**

एक बार जब बाल हल्के–पीले रंग के हो जाए तो ब्लीचिंग प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सिर को गुनगुने पानी और बैंगनी शैम्पू से धो लें, फिर एक अच्छा कंडीशनर लगाना सुनिश्चित करें। जब ब्लीचिंग की बात आती है तो इसके बाद बालों की देखभाल पर अतिरिक्त ध्यान दें। जैसे कि ब्लीच के एक हफ्ते बाद बालों को ट्रिम करवाएं, हाइड्रेटिंग हेयर मास्क और रोजाना हेयर सीरम लगाएं। इसके 6–8 हफ्ते बाद ही अगली ब्लीच करें।

# ब्लोटिंग की समस्या से हैं परेशान तो डाइट में इन 5 खाद्य पदार्थों को करें शामिल

ब्लोटिंग गैस, अपच और कब्ज से जुड़ एक ऐसी समस्या है जो आपके पेट में दर्द और परेशानी पैदा कर सकती है। इस कारण कहा जाता है कि खान–पान की आदतों पर ध्यान दें और आहार में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करें जो आंत के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होने के साथ पेट की सूजन को रोकने में भी मददगार हो। आइए आज आपको ब्लोटिंग यानी सूजन से राहत दिलाने में मदद करने वाले 5 खाद्य पदार्थ बताते हैं।

**केले का सेवन हो सकता है मददगार** केला फाइबर और पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह नमक से प्रेरित सूजन और कब्ज की समस्या को रोकने में मदद करता है। एक अध्ययन के अनुसार, जिन महिलाओं ने प्रतिदिन 2 बार एक केला खाया, उन्हें ऐसा ना करने वाली महिलाओं की तुलना में कम सूजन और ब्लोटिंग का अनुभव हुआ। इसके अलावा रोजाना एक केला खाने से अच्छे बैक्टीरिया के विकास को भी बढ़ावा मिल सकता है।

**योगर्ट से मिल सकता है लाभ** योगर्ट प्रोबायोटिक्स से भरपूर होता है जो आंत को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है और मल की आवृत्ति में सुधार करता है। एक शोध के अनुसार, योगर्ट का सेवन बड़ी आंत को प्रभावित करने वाली समस्या, इर्रिटेबल बॉवेल सिंड्रोम जैसी स्थितियों के कारण होने वाली सूजन और पेट की गड़बड़ी को कम करने में मदद करता है। इसके लिए आप ग्रीक योगर्ट का सेवन कर सकते हैं।



**अनानास** अनानास फाइबर, एंटी–डायरियल गुणों और लगभग 85 प्रतिशत पानी की मात्रा से भरपूर है। इस कारण यह ब्लोटिंग से होने वाले पेट दर्द से निपटने और पाचन स्वास्थ्य को ठीक रखने में मदद कर सकता है। इसके अलावा इन रसीले फलों में ब्रोमेलैन नामक एक अत्यधिक अवशोषित करने योग्य एंजाइम होता है। यह उचित पाचन को प्रोत्साहित करके और शरीर में प्रोटीन को तोड़कर सूजन को कम करने में मदद करता है।

**ओट्स** सुबह नाश्ते में एक कटोरी ओट्स का सेवन ब्लोटिंग से छुटकारा पाने के सबसे आसान और प्रभावी तरीकों में से एक है। ओट्स में फाइबर और बीटा–ग्लुकन होते हैं जो स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देते हैं और मल को पास करना आसान बनाते हैं। 40 ग्राम ओट्स में 4 ग्राम फाइबर होता है। ओट्स में बीटा–ग्लूकन में एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं जो पाचन संबंधी समस्याओं को रोकते हैं।

**खीरा** खीरा 95 प्रतिशत पानी से भरपूर होता है। यह पेट फूलने की समस्या से राहत दिलाने के लिए बहुत अच्छा माना गया है। यह आपको हाइड्रेटेड और पोषित रहने में भी मदद करने के साथ आपको तुरंत ऊर्जावन महसूस कराता है। इसके अलावा यह पेट को ठंडा रखता है और डिहाइड्रेशन–प्रेरित सूजन को रोकता है। खीरे में उच्च पानी की मात्रा मल को नरम बनाकर कब्ज से बचाती है और मल त्याग को नियमित भी रखती है।

## अफगानिस्तान में हाल की प्राकृतिक आपदाओं में नौ की मौत, 74 घायल

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में हाल ही में आए भूकंप, भारी बारिश और बाढ़ ने देश के 34 में से 23 प्रांत प्रभावित हुए हैं जहां नौ लोगों की मौत और 74 अन्य के घायल होने की रिपोर्टें हैं। अफगानिस्तान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता हसीबुल्लाह शेखानी ने रविवार को यह जानकारी दी। शेखानी ने कहा, दुर्भाग्य से नौ लोगों की मौत हो गई और 74 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि 1,700 घर पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए हैं। प्राकृतिक आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित अफगान प्रांतों की सूची में फराह, फरयाब, बल्ख, उरुजगन, कुनार, नूरिस्तान, लघमन और बागलान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थानों सहित मानवीय संगठनों के सहयोग से अफगानिस्तान में 53,000 परिवारों को मानवीय सहायता प्राप्त हुई है। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र ने कहा कि इस हफ्ते की शुरुआत में हिंदू कुश पहाड़ों में एक शक्तिशाली भूकंप आया, जिनमें से अधिकांश अफगानिस्तान में स्थित हैं। भूकंप ने अफगानिस्तान और पड़ोसी पाकिस्तान को दहला दिया। पाकिस्तान में इसके कारण कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और दोनों देशों में कुल मिलाकर लगभग 100 अन्य घायल हो गए। भूकंप के अलावा, अफगानिस्तान में इस सप्ताह भारी बारिश और विनाशकारी बाढ़ भी आयी है।

## यूक्रेन के कई क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी

**कीव , एजेंसी।** यूक्रेन के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में बीती देर रात हवाई हमले के सायरन बजने लगे। यह जानकारी डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के हवाई हमले के आंकड़ों के अनुसार दी गई है। मंत्रालय के ऑनलाइन नक्शा में दिखाया गया है कि हवाई हमले की चेतावनी सुमी, पोल्टावा, निप्रॉपेट्रोस और चेर्निहाइव के यूक्रेन के क्षेत्रों में आधी रात के तुरंत बाद प्रभावी थी।हवाई हमले के सायरन कीव–नियंत्रित ज़ापोरीज़्ह्या क्षेत्र और दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में भी बजने लगे। यूक्रेन के सैन्य खुफिया विभाग के उप प्रमुख, वादिम स्किबिट्स्की ने इस महीने की शुरुआत में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि रूसी सेना ने मिसाइल हमलों के लक्ष्यों को बदल दिया है, क्योंकि हाल के हमलों ने यूक्रेन के कई क्षेत्रों में ईंधन ठिकानों को नुकसान पहुंचाया। यूक्रेनी पावर ग्रिड ऑपरेटर उक्रेनगी के प्रमुख ने फरवरी में कहा कि 10 अक्टूबर, 2022 (क्रीमिया पुल पर आतंकवादी हमले के दो दिन बाद) से किए गए रूसी हमलों के कारण यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को करोड़ों डॉलर का नुकसान हो सकता है।

## गांधी परिवार खुद को सबसे अलग, संविधान से ऊपर मानता है : भाजपा

**नयी दिल्ली,एजेंसी ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह खुद को 'सबसे अलग, कुलीन व संविधान से ऊपर मानता है। राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने के बाद से विपक्षी दल कांग्रेस ने देशव्यापी विरोध–प्रदर्शन का आह्वान किया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि न तो भाजपा और न ही सरकार का, मानहानि के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद वायनाड के सांसद को अयोग्य घोषित किए जाने से कोई लेना–देना है।शेखावत ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के नेता एक न्यायिक व कानूनी कवायद पर हल्ला मचा रहे हैं।

# कश्मीर घाटी शीघ्र भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ेगा : रेल मंत्री

### रेल मंत्री ने किया कश्मीर घाटी में चिनाब ब्रिज निरीक्षण, प्रगति की ली जानकारी
### उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला प्रोजेक्ट पूर्ण होने पर चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**नई दिल्ली :** अश्विनी वैष्णव रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भारत सरकार ने सोमवार को कश्मीर घाटी में चिनाब ब्रिज निरीक्षण कर परियोजना के प्रगति के बारे में जानकारी ली। रेल मंत्री ने कहा कि जनवरी/ फरवरी - 2024 तक यूएसबीआरएल प्रोजेक्ट पूरा होगा। वर्ष 2022-23 में इसके लिए 6000 करोड़ अवंटित किए गए हैं, जबकि 2014 से पहले इसका आवंटन प्रतिवर्ष 800 करोड़ रुपये था। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला प्रोजेक्ट पूरा होने पर विशेष रूप से निर्मित वंदे भारत रेलगाड़ी चलाई जायेगी। जम्मू में इंजीनियरों के लिए विशेष ट्रेनिंग एकेडमी बनाई जाएगी। कश्मीर घाटी शीघ्र ही भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश के तीव्र विकास का सतत प्रयास किया जा रहा है।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, एमडी, केआरसीएल संजय गुप्ता, सीएओ /सीयू एसबीआरएल एस.पी माही, मण्डल रेल प्रबन्धक/ फिरोजपुर, डा. सीमा शर्मा सहित उत्तर रेलवे तथा प्रोजेक्ट से संबंधित अन्य अधिकारियों ने रेल मंत्री का चिनाब आगमन पर स्वागत किया। यूएसबीआरएल के अधिकारियों ने मंत्री को परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रेल मंत्री ने ट्राली द्वारा चिनाब ब्रिज तथा सुरंगो के प्रगतिशील कार्यों का जायजा लिया। तत्पश्चात शेष बचे कार्य को समय सीमा के अंतर्गत यथाशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। रेल मंत्री ने विभिन्न चुनौतियों तथा विषम परिस्थितियों के बावजूद प्रोजेक्ट का कार्य पूरा करने के लिए इसमें शामिल सभी रेल कर्मियों की सराहना की। उन्होंने शेष कार्य को पूरा करने के लिए अपने समस्त प्रयास लगाने की लिए उनका मनोबल बढ़ाया।

इस अवसर पर रेल मंत्री ने विश्व के सबसे ऊंचे पुल से सभी जोनल मुख्यालयों के प्रमुख मेट्रो शहरों से कनेक्ट होकर समस्त देश में बाधा रहित संचार का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस बाधा रहित संचार के ऑडियो तथा वीडियो कनेक्टिविटी को जियो के 300 एमबीपीएस इंटरनेट बैंडविथ, एयरटेल के 100 एमबीपीएस इंटरनेट नेटवर्क, बीएसएनएल के 100 एमबीपीएस के साथ-साथ साल के ओएफसी केबल के द्वारा अंजाम दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई पर अंतरिम रोक, मई के पहले हफ्ते में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उत्तर प्रदेश में 2014 के संसदीय चुनावों के प्रचार अभियान में भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के मामले में कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना ने इस मामले में किसी के भी हाजिर नहीं होने के बाद इस मामले को मई के पहले हफ्ते में सुनवाई के लिए निर्धारित कर दिया।

खंडपीठ ने कहा कि अंतरिम आदेश जारी रहेगा। केजरीवाल के लिए वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी पेश हुए जबकि आम आदमी पार्टी के संयोजक ने सुप्रीम कोर्ट अपील दायर अधिवक्ता विवेक जैन से कराई थी। केजरीवाल ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के एक आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। पिछले महीने लखनऊ बेंच ने केजरीवाल के खिलाफ सुलतानपुर की सुनवाई अदालत में दर्ज आपराधिक मामले को खारिज करने से इन्कार कर दिया था।इस मामले में दर्ज एफआइआर में केजरीवाल के खिलाफ जनप्रतिनिधि कानून, 1951 की धारा 125 के तहत चुनाव के दौरान विभिन्न वर्गों में वैमनस्य फैलाने का आरोप लगाया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल पर आरोप है कि उन्होंने सुलतानपुर की एक जनसभा में भाषण के दौरान कहा, 'जो कांग्रेस को वोट देगा, मेरा मानना होगा देश के साथ गद्दारी होगी..जो भाजपा को वोट देगा उसे खुदा भी माफ नहीं करेगा।'याचिका में बताया गया है कि उन पर आरोप है कि लोकसभा के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 2 मई, 2014 को एक जनसभा में भाषण को दौरान उन्होंने कुछ वाक्य ऐसे बोले जो जनप्रतिनिधि कानून की धारा 125 के तहत अपराध हैं।

## रमजान पर महंगाई से पाकिस्तान की जनता बेहाल, केले 500 रुपए तो अंगूर 1600 रुपए किलो बिक रहे

**इस्लामाबाद एजेंसी।** पाकिस्तान में आर्थिक तंगी का असर अब रमजान में भी देखने को मिल रही है। बता दें कि पाकिस्तान में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। देश में रोजमर्रा की चीजों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यहां एक दर्जन केले की कीमत 500 रुपये तक पहुंच गई है। केले तो छोड़िए अंगूर के दाम सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबित, अंगूर पाकिस्तान में इस वक्त 1600 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

सेंसिटिव प्राइस इंडीकेटर के अनुसार, पाकिस्तान में मार्च के अंतिम सप्ताह में महंगाई 47 प्रतिशत तक पहुंच गई है। पाकिस्तान के ब्यूरो ऑफ स्टेटिक्स ने यह डाटा जारी किया है। पाकिस्तान के ब्यूरो ऑफ स्टेटिक्स के डाटा के अनुसार, प्याज की कीमतों में (228 प्रतिशत), गैस (108 प्रतिशत), आटा (120 प्रतिशत), सिगरेट (165 प्रतिशत), डीजल (102 प्रतिशत), चाय (94 प्रतिशत), केले (89 प्रतिशत), चावल बासमती (81 प्रतिशत), पेट्रोल (81 प्रतिशत), अंडे (79 प्रतिशत) कीमतें बढ़ गई हैं। डाटा के अनुसार, 51 जरूरी सामान में से 26 के दाम बढ़ गए हैं। 12 चीजों के दामों में थोड़ी कमी आई है और 13 चीजों के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चिकन (8.14 प्रतिशत), मिर्ची पाउडर (2.31 प्रतिशत), एलपीजी (1.31 प्रतिशत), सरसों का तेल और लहसुन (1.19 प्रतिशत), घी (0.83), खाद्य तेल (0.21 प्रतिशत) की कमी आई है।हालांकि पाकिस्तान के लिए अच्छी खबर ये है कि उसके विदेशी मुद्रा भंडार में थोड़ा इजाफा हुआ है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 17 मार्च 2023 बढ़कर 10.14 बिलियन डॉलर हो गया है। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी के चलते पाकिस्तान को भुगतान में काफी समस्या आ रही है। आईएमएफ से लोन की 1.1 बिलियन डॉलर की किस्त को लेकर बातचीत अटकी हुई है। बता दें कि आईएमएफ ने साल 2019 में पाकिस्तान को 6.5 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज का एलान किया था। पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाने के लिए यह पैकेज बेहद

# नामीबिया से कूनो नेशनल पार्क आई मादा चीता साशा की मौत, किडनी इन्फेक्शन हुआ था

**श्योपुर , एजेंसी।** भारत में चीतों को बसाने के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट को बड़ा झटका लगा है। नामीबिया से आई फीमेल चीता साशा सोमवार सुबह कूनो नेशनल पार्क स्थित अपने बाड़े में मृत मिली है। उसकी किडनी खराब थी और उसका इलाज चल रहा था। इस खबर ने देश में फिर से चीतों को बसाने की इच्छा रखने वाले वन्यजीव प्रेमियों की उम्मीदों को पस्त कर दिया है।

मादा चीता साशा में 22–23 जनवरी को बीमार होने के लक्षण पता चले थे। इसके बाद उसे बड़े बाड़े से छोटे बाड़े में शिफ्ट किया गया। तब उसका इलाज करने के लिए वन विभाग ने इमरजेंसी मेडिकल रिस्पॉन्स टीम को कूनो भेजा था। शुरुआती लक्षणों में डीहाइड्रेशन और किडनी की बीमारी का पता चला था। साशा को बचाने के लिए वन विहार नेशनल पार्क से डॉ. अतुल गुप्ता को भी भेजा गया था। विशेषज्ञों ने उसे फ्लुइड चढ़ाया था, जिससे साशा की तबियत में सुधार भी दिखा था। विशेषज्ञों का कहना है कि चीतों में किडनी की बीमारी होना सामान्य बात है। इसे



प्रोजेक्ट चीता को झटके के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए।

साशा को सात अन्य चीतों के साथ नामीबिया से लाया गया था। पिछले साल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर इन चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा था। यह 70 साल बाद पहला मौका था, जब कोई चीता भारतीय धरती पर खुले में घूम रहा था। इस जत्थे में आठ चीते थे, जिन्हें मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया था। इसके बाद फरवरी में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों का दूसरा जत्था भारत लाया गया है। इन 12 चीतों में सात नर और पांच मादा शामिल थीं। इन्हें फिलहाल कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटाइन बाड़े में रखा गया है। वन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह सामान्य है। वह बीमार थी। उसे बचाने के लिए कोशिश की गई। इसके बाद भी हम उसे बचा नहीं सके। नामीबिया से एक्सपर्ट्स भी हमारी मदद कर रहे थे। वह पहले दिन से ही कमजोर थी।

22 जनवरी को नामीबिया से लाकर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ी गई मादा चीता साशा को मॉनीटरिंग टीम ने उसे सुस्त पाया था। चीतों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए तैनात तीन पशु चिकित्सकों ने साशा की स्वास्थ्य जांच की। यह पाया कि उसे उपचार की आवश्यकता है। उसी दिन उसे क्वारंटाइन बाड़े में लाया गया। क्वारंटाइन बाड़े में लाने की प्रक्रिया में साशा का ब्लड सैम्पल भी लिया गया। इसका परीक्षण वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में स्थित लैब में अत्याधुनिक मशीनों से किया गया। खून के नमूने की जांच से पता चला कि साशा को किडनी में संक्रमण है। वन विहार भोपाल से वन्यप्राणी चिकित्सक एवं एक अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक को पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ कूनो राष्ट्रीय उद्यान भेजा गया। साशा के परीक्षण से किडनी की बीमारी की पुष्टि हुई।

वन विभाग का कहना है कि भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और कूनो राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन ने चीता कंजर्वेशन फाउंडेशन, नामीबिया से साशा की ट्रीटमेंट हिस्ट्री मंगाई थी। पता चला कि 15 अगस्त 2022 को नामीबिया में किए गए अंतिम खून के नमूने की जांच में क्रिएटिनिन का स्तर 400 से अधिक पाया गया था। इससे यह पुष्टि भी होती है कि साशा को किडनी की बीमारी भारत आने से पहले से ही थी।

भारत में 70 साल बाद चीतों को बसाने के प्रोजेक्ट चीता के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन 17 सितंबर को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को रिलीज किया था। इन चीतों को पहले तो एक से डेढ़ महीने तक छोटे क्वारंटाइन बाड़ों में रखा गया। वहां उन्हें भैंसे का मीट खिलाया गया। फिर एक–एक कर इन चीतों को बड़े बाड़े में छोड़ा गया, जहां उनके खाने के लिए चीतल जैसे जानवरों को छोड़ा गया था। नामीबिया से लाए गए सात अन्य चीता स्वस्थ हैं। इनमें तीन नर और एक मादा खुले जंगल में छोड़े गए हैं। वह पूरी तरह से सक्रिय और स्वस्थ हैं। सामान्य रूप से शिकार कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीता वर्तमान में क्वारंटाइन बाड़ों में हैं और पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय हैं।

22 जनवरी से साशा की मृत्यु की दिनांक तक कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पदस्थ सभी वन्यप्राणी चिकित्सकों और नामीबिया के विशेषज्ञ डॉ. इलाई वॉकर ने रात–दिन मेहनत की। साशा का उपचार किया। उपचार के दौरान लगातार चीता कंजर्वेशन फाउंडेशन, नामीबिया और प्रिटोरिया विश्वविद्यालय दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञ डॉ. एड्रियन टोर्डिफ से लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और टेलीफोन के जरिये संपर्क में रहे। 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से भारत लाए गए 12 चीतों के साथ आए वेटरनरी विशेषज्ञ डॉ. लॉरी मार्कर, डॉ. एड्रियन टोर्डिफ, डॉ. एंडी फ्रेजर, डॉ. माइक तथा फिन्डा रिजर्व के वरिष्ठ प्रबंधक से भी साशा के इलाज पर विस्तार से चर्चा की गई है। दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञों ने तो इस बात की तारीफ की कि साशा को इतनी गंभीर बीमारी होने के बाद भी उसकी अच्छे–से देखभाल की गई।

# देश में 134 दिन बाद उपचाराधीन कोरोना मरीज़ों की संख्या 10 हजार के पार

**नईदिल्ली,एजेंसी ।** भारत में कोरोना वायरस से संक्रमण के 1805 नए मामले मिले हैं जिसके बाद देश में 134 दिन के बाद उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या 10 हजार के पार पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 3.19 प्रतिशत है जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 1.39 प्रतिशत है। मंत्रालय के मुताबिक, देश में उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या 10,300 हो गई है। बीते 24 घंटे में संक्रमण से छह लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,30,837 हो गई है। चंडीगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एक–एक संक्रमित की मौत हुई है जबकि केरल में संक्रमण से दो लोगों की मौत की सूचना है। आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमितों की संख्या 4.47 करोड़ (4,47,05,952) हो गई हैं। मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या कुल मामलों का 0.02 प्रतिशत है जबकि संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.79 फीसदी है। अबतक 4,41,64,815 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक कोविड–19 रोधी टीके की 220.65 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।


## ब्राजील के नाइट क्लब में गोलीबारी , तीन लोगों की मौत

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील में दक्षिणपूर्वी राज्य साओ पाउलों के साओ कालीस शहर के एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बीती रात को हुई जब शराब के नशे में क्लब से बाहर निकाला गया।

# उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों का सोमवार को रास्ता साफ हो गया। यह देखते हुए कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के मुद्दे की जांच के लिए गठित एक समर्पित आयोग ने अपनी अंतिम रिपोर्ट दे दी है, सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करने की अनुमति दे दी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश(सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि हमारे आदेश के बाद यूपी सरकार ने यूपी पिछड़ा वर्ग आयोग के लिए एक अधिसूचना जारी की थी। पीठ ने आदेश में नोट किया, 'हालांकि आयोग का कार्यकाल छह महीने



का था, इसे 31 मार्च, 2023 तक अपना कार्य पूरा करना था लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि आयोग की रिपोर्ट नौ मार्च को प्रस्तुत कर दी गई है। स्थानीय निकाय चुनावों के लिए अधिसूचना जारी करने की कवायद जारी है और इसे दो दिनों में जारी किया जाएगा।'

कोर्ट ने यह स्पष्ट करते हुए मामले का निस्तारण कर दिया कि उसके आदेश में दिए गए निर्देशों को मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में जस्टिस (सेवानिवृत्त) राम अवतार सिंह, जिन्होंने आयोग का नेतृत्व किया, और चार अन्य सदस्य – सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी चोब सिंह वर्मा, महेंद्र कुमार, और पूर्व अतिरिक्त कानून सलाहकार संतोष कुमार विश्वकर्मा और ब्रजेश कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें रिपोर्ट सौंपी थी। वहां पर शहरी विकास मंत्री एके शर्मा और शहरी विकास विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

जानकारी के मुताबिक, आयोग ने तीन महीने से भी कम समय में राज्य के सभी 75 जिलों का दौरा करने के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार की है। यह बताया गया कि आयोग ने 5 दिसंबर, 2022 को अधिसूचित शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण पर कई विसंगतियां पाईं और उन्हें हटाने की सिफारिश की है।

चार जनवरी, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण दिए बिना शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश चुनाव आयोग को दिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने तब कहा था कि नगरपालिकाओं का लोकतंत्रीकरण करना और अनुच्छेद– 243टी के तहत नगरपालिकाओं की संरचना में सही प्रतिनिधित्व देना, दोनों ही संवैधानिक आदेश हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने तब कहा था कि उसने ओबीसी के प्रतिनिधित्व के लिए डेटा एकत्र करने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन किया है। हाईकोर्ट का 27 दिसंबर, 2022 का आदेश उन याचिकाओं पर आया था, जिनमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूले का पालन किए बिना ओबीसी आरक्षण के मसौदे को तैयार करने को चुनौती दी गई थी।

मई, 2022 में शीर्ष अदालत ने 'के कृष्ण मूर्ति व अन्य बनाम भारत संघ और अन्य' (2010) में संविधान पीठ के फैसले का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया था कि ओबीसी आरक्षण प्रदान करने से पहले 'ट्रिपल टेस्ट' शर्तों को पूरा करना होगा। इसके तहत पिछड़ेपन पर अनुभवजन्य डेटा एकत्र करने के लिए एक समर्पित आयोग स्थापित करने, आयोग की सिफारिशों के आलोक में स्थानीय निकाय में आवश्यक आरक्षण के अनुपात को निर्दिष्ट करने और आरक्षण 50 फीसदी (एससी, एसटी और ओबीसी को मिलाकर) से अधिक नहीं होने की शर्तें हैं।

## भारतीय–अमेरिकी को ठहराया भेदिया कारोबार का दोषी

**न्यूयॉर्क एजेंसी,** जुलाई 2022 में गिरफ्तार एक भारतीय–अमेरिकी को सामग्री, गैर–सार्वजनिक सूचना (एमएनपीआई) के आधार पर इनसाइडर ट्रेडिंग करने के मामले में दोषी ठहराया गया है। न्याय विभाग के एक बयान में कहा गया है कि ल्यूमेंटम होल्डिंग्स इंक के पूर्व मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी, 49 वर्षीय अमित भारद्वाज ने खुद गलत तरीके से बनाए गए एमएनपीआई पर कारोबार किया और इसी जानकारी के साथ अपने सहयोगियों को इत्तला दी, ताकि वे ल्यूमेंटम के अधिग्रहण लक्ष्यों में लाभदायक व्यापार कर सकें।

यूएस अटॉर्नी डेमियन विलियम्स ने कहा, भारद्वाज ने न केवल अपनी कंपनी को धोखा दिया और प्रतिभूति बाजारों को धोखा दिया, बल्कि जब एफबीआई ने जांच शुरू की, तो उसने अपने अवैध व्यवहार को छिपाने और जांच में बाधा डालने की भी साजिश रची।

कैलिफोर्निया में सैन रेमन के भारद्वाज को प्रतिभूति धोखाधड़ी के सात मामलों और वायर धोखाधड़ी के दो मामलों में दोषी ठहराया। इनमें से प्रत्येक में अधिकतम 20 साल की जेल है, और प्रतिभूति धोखाधड़ी और वायर धोखाधड़ी करने की साजिश के चार मामले, जिनमें से प्रत्येक के लिए अधिकतम पांच साल की जेल हो सकती है।

अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, भारद्वाज को पता चला कि ल्युमेंटम दिसंबर 2020 में सुसंगत, इंक का अधिग्रहण करने पर विचार कर रहा था, इसके बाद उसने सुसंगत स्टॉक और कॉल विकल्प खरीदे, और अपने तीन सहयोगियों उनके मित्र धीरेनकुमार पटेल, एक अन्य मित्र, और उनके करीबी पारिवारिक रिश्तेदारों में से एक को टिप दी। इसके परिणामस्वरूप इन सभी व्यक्तियों ने सुसंगत प्रतिभूतियों में कारोबार किया। पटेल ने भारद्वाज द्वारा प्रदान किए गए एमएनआईपी के आधार पर सुसंगत में व्यापार करके अर्जित लाभ का 50 प्रतिशत भारद्वाज को भुगतान करने पर सहमति व्यक्त की। जब ल्यूमेंटम अधिग्रहण की घोषणा के बाद सुसंगत के शेयर की कीमत में काफी वृद्धि हुई, भारद्वाज और उनके सहयोगियों ने सुसंगत प्रतिभूतियों में अपनी स्थिति बंद कर दी और सामूहिक रूप से लगभग 9 लाख डॉलर का मुनाफा कमाया।अक्टूबर 2021 में, भारद्वाज को पता चला कि ल्यूमेंटम एक संभावित अधिग्रहण के बारे में निओफोटोनिक्स कॉर्पोरेशन के साथ गोपनीय चर्चा में लगा हुआ था। उन्होंने श्रीनिवास कक्करा, अब्बास सईदी और रमेश चित्तोर को यह जानकारी प्रदान की।

# मुंबई इंडियंस के सफल होने में अहम रहा महत्वपूर्ण मौकों पर दबदबा बनाना: हरमनप्रीत



मुंबई, मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स पर सात विकेट की जीत से शुरूआती महिला प्रीमियर लीग की ट्राफी हासिल करने के बाद कहा कि मैच को जीतने के बजाय मुकाबले के महत्वपूर्ण मौकों पर दबदबा बनाने पर ध्यान देना ही उनकी टीम के लिये कारगर रहा।

मुंबई इंडियंस ने बीती रात ब्रैबोर्न स्टेडियम में तीन गेंद रहते 132 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया जिसमें इंग्लैंड की आल राउंडर नैट स्किवर ब्रंट ने नाबाद 60 रन की पारी का अहम योगदान रहा।

डब्ल्यूपीएल की ट्राफी जीतने के बाद हरमनप्रीत ने कहा, शुरु से ही हम महत्वपूर्ण मौकों को अपने नाम करने के बारे में बात कर रहे थे। हम ट्राफी पर ध्यान नहीं लगाये थे, हम इन सभी मौकों को जीतने की कोशिश कर रहे थे। हमने सोचा कि अगर हम इन मौकों को जीत लेंगे तो ट्राफी स्वतः ही हमारी झोली में आ जायेगी।

उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से कप्तान के तौर पर ट्राफी जीतने के इस पल का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत तौर पर काफी अच्छा महसूस हो रहा है। मैं लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रही थी कि मैं कब कप्तान के तौर पर कोई खिताब जीत पाऊंगी। यह महिला क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण रहा।मनप्रीत ने कहा, कभी कभार हम ऐसा (ट्राफी जीतने के) करने के करीब पहुंचे लेकिन नहीं कर पाये। लेकिन यहां टूर्नामेंट अलग था इसलिये टीम भी अलग थी। हर टीम काफी संतुलित थी और टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया।

रविवार को हरमनप्रीत के रन आउट होने से उनके टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके आउट होने की याद तरोताजा हो गयी लेकिन मुंबई इंडियंस की कप्तान ने कहा कि उनकी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिये काफी खिलाड़ी मौजूद थीं।

उन्होंने कहा, दोनों रन आउट काफी निराशाजनक रहे। मैं पिछले मैच (भारत बनाम आस्ट्रेलिया) में काफी आत्मविश्वास से खेल रही थी क्योंकि हमारे हाथ में काफी विकेट थे। मुझे लगा था कि हम लक्ष्य तक पहुंच जायेंगे।

हरमनप्रीत ने कहा, लेकिन यहां माहौल पूरी तरह अलग था, हमारे पास मध्यक्रम में नैट मौजूद थीं और वह क्रीज पर डट गयी थीं। मैं जानती थी कि कौन गेंदबाजी करने वाला था और किस तरह से। हम मैच खत्म करने के लिए काफी सकारात्मक थे और दो ओवर बचे थे। लेकिन जब मैं आउट हुई तो हमने सोचा कि हमें परिस्थिति के हिसाब से खेलना होगा।

उन्होंने कहा कि गुजरात जायंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर खेलने से उनकी टीम को फाइनल के लिये लय हासिल करने में मदद मिली। हरमनप्रीत ने कहा कि शुरुआती डब्ल्यूपीएल में सभी पांचों टीमों ने अच्छा खेल दिखाया और सभी के लिये खिताब जीतने का मौका था।

दिल्ली कैपिटल्स के कोच जोनाथन बैटी ने लगातार विकेट गंवाने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, शुरूआती तीन विकेट गिरना आपके लिये नुकसानदायक हो सकता है। कप्तान मेग लैनिंग और मरिजाने काप के बीच भागीदारी ने हमें वापसी करायी लेकिन फिर हमने विकेट गंवा दिये। इससे चीजें मुश्किल हो गयीं।

## अफगानिस्तान के लिये ऐतिहासिक उपलब्धि, पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला जीती



शारजाह, । अफगानिस्तान ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 'नये लुक' वाली पाकिस्तान टीम को एक गेंद रहते सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त हासिल की।यह पहली बार है जब अफगानिस्तान ने शीर्ष छह रैंकिंग की एक आईसीसी टीम के खिलाफ श्रृंखला जीती हो।पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कम अनुभवी शीर्ष क्रम ने फिर निराश किया। पर उसके लिये इमाद वसीम ने 57 गेंद में नाबाद 64 रन की पारी खेली और कप्तान शादाब खान ने 32 रन बनाकर टीम को छह विकेट पर 130 रन के स्कोर तक पहुंचाया।इसके बाद अफगानिस्तान के लिए रहमनुल्लाह गुरबाज (44 रन) और इब्राहिम जदरान (38 रन) ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अहम योगदान किये। नजीबुल्लाह जदरान ने नाबाद 23 और मोहम्मद नबी ने नाबाद 14 रन बनाकर अपनी टीम को एक गेंद रहते तीन विकेट पर 133 रन बनाकर जीत दिलायी।अफगानिस्तान को अंतिम दो ओवर में 22 रन की दरकार थी। 19वें ओवर में नजीबुल्लाह और नबी ने नसीम शाह पर एक एक छक्का लगाया जिससे इसमें 17 रन बने और पाकिस्तान की उम्मीद भी टूट गयी।

अफगानिस्तान ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर छह विकेट की यादगार जीत दर्ज की थी।

## विश्व चैम्पियनशिप में दूसरे खिताब तक निकहत जरीन का सफर रहा उतार चढ़ाव से भरा



नयी दिल्ली, एमसी मैरीकॉम ने एक बार गुस्से से पूछा था, निकहत जरीन कौन है? निकहत ने 2022 में विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इस सवाल का जवाब दिया था। और अब रविवार को एक बार फिर उन्होंने अपना दूसरा विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीत लिया, वो भी घरेलू दर्शकों के सामने जिससे वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरी भारतीय मुक्केबाज बनीं।इसके साथ ही वह छह बार की विश्व चैम्पियन मैरीकॉम के उत्तराधिकारी के तौर पर आगे बढ़ती दिख रही हैं।

निकहत ने 50 किग्रा वजन वर्ग का खिताब जीतने के बाद कहा, मैं दूसरी बार विश्व चैम्पियन बनकर खुश हूं वो भी ओलंपिक वजन वर्ग और घरेलू दर्शकों के सामने। यह पदक सभी समर्थकों के लिए है।निकहत के लिये यह दूसरा खिताब भावनात्मक रहा क्योंकि इस सफर में इस 26 साल की मुक्केबाज को ताने, सामाजिक पूर्वाग्रह और उपेक्षा का सामना करना पड़ा। जहां तक मैरीकॉम का संबंध है तो उन्हें नहीं लगा होगा कि चार साल में निकहत उनके नक्शेकदमों पर चलते हुए उनके बाद एक से ज्यादा विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय बन जायेंगी।

निकहत के पिता उन्हें धावक बनाना चाहते थे लेकिन उनकी बेटी ने मुक्केबाजी में आने फैसला किया ताकि वह साबित कर सकें कि महिलायें भी इस खेल में अच्छा कर सकती हैं।तेलंगाना के निजामाबाद में मुस्लिम परिवार से आकर मुक्केबाजी की ड्रेस 'टी शर्ट और शॉर्ट' में खेलने से निकहत और उनके माता–पिता को तानों और टिप्पणियों का सामना करना पड़ा।

## सुदीरमन कप फाइनल्स में भारत मलेशिया, चीनी ताइपै के साथ ग्रुप सी में

नयी दिल्ली,। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को सुदीरमन कप फाइनल्स में पेचीदा ड्रॉ मिला है जिसमें उसे ग्रुप सी में मलेशिया और चीनी ताइपै के साथ रखा गया है ।सुदीरमन कप 14 से 21 मई के बीच चीन के सुझोउ में खेला जायेगा । ग्रुप सी में चौथी टीम आस्ट्रेलिया है ।भारत ने 2011 और 2017 सुदीरमन कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन पिछले दो सत्र में भारत क्वार्टर फाइनल में भी नहीं पहुंच सका ।भारत ने फरवरी में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर सुदीरमन कप के लिये क्वालीफाई किया था ।

इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी जिनमें चीन, डेनमार्क, इंडोनेशिया, थाईलैंड, जापान, दक्षिण कोरिया शामिल है ।चीन का सामना ग्रुप ए में डेनमार्क, सिंगापुर और मिस्त्र से होगा .

## सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी: भवानी देवी ने स्वर्ण जीता



पुणे, । ओलंपियन भवानी देवी ने 33वीं सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं के व्यक्तिगत साबरे वर्ग में स्वर्ण पदक जीता ।भवानी की टीम तमिलनाडु ने महिलाओं के टीम वर्ग में भी केरल को 45 . 34 से हराकर स्वर्ण पदक जीता ।

महिलाओं के व्यक्तिगत वर्ग में भवानी देवी ने केरल की वी सन्नी अलका को 15 . 9 से हराकर स्वर्ण पदक जीता । इससे पहले उन्होंने पंजाब की जगमीत कौर को 15 . 11 से हराया था जबकि वी सन्नी अलका ने हरियाणा की आखिरी को 15 . 9 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी ।

सीनियर महिला फॉइल वर्ग में केरल की राधिका अवाती ने स्वर्ण पदक जीता । पुरूषों के फॉइल वर्ग में मणिपुर के हेमाश सनासम ने एसएससीबी के इस्माइल खान को 13 . 12 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया ।

## फिल्मी सफर

## मैत्री में श्रेनु पारिख के लिए एक बच्चे के साथ शूटिंग करना हुआ मुश्किल




टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख शो मैत्री में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। एक्ट्रेस ने एक बच्चे अजीमा शेख के साथ शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि शुरू में उनका नर्वस साइड कैसे गायब हो गया था। श्रेनु ने कहा, जो बच्चा नंदिनी (भाविका चौधरी) के बेटे का किरदार निभा रहा है, वह वास्तव में एक बच्ची है और जब मुझे पता चला कि हम एक नवजात के साथ शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं, तो मैं बहुत घबरा गई। हम सभी जानते हैं कि इसे संभालना कितना मुश्किल है। छोटे बच्चे और उनके साथ शूटिंग करना पूरी तरह से एक और काम है। कोई भी नवजात के मूड का अनुमान नहीं लगा सकता है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अजीमा बहुत शांत बच्ची है।

श्रेनु पारिख इस प्यार को क्या नाम दूं? में अपनी किरदार के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने आगे साझा किया कि अब वह अजीमा के साथ काम करने में सहज है और उसके साथ काम करते हुए एक अच्छी मां बनने की ट्रेनिंग भी ले रही है।वह सिर्फ 3 महीने की बच्ची है, लेकिन क्योंकि मैं उसके साथ अतिरिक्त समय बिताती हूं, वह मुझे पहचानती है। जब भी मैं उसे शांत करती हूं तो वह आसानी से शांत हो जाती है। हर बार जब मैं उसे शोटू कहती हूं, तो वह तुरंत अपनी सबसे कीमती मुस्कान देकर मुझे जवाब देती है। वास्तव में, जब अजीमा मेरी गोद में होती है तो उसकी मां भी बहुत सुरक्षित महसूस करती है। और अब, अजीमा के मेरे जीवन में आने के बाद, मुझे वास्तव में लगता है कि किसी दिन, मैं एक अच्छी मां बन सकती हूं।

### मृणाल ठाकुर के बॉडीकॉन ड्रेस ने खींचा फैंस का ध्यान, देखें स्टाइल भरा अंदाज

बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। टीवी करियर से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस का जल्द ही एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा मर्डर मिस्ट्री फिल्म गुमराह में। हाल ही में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ था जिसकी फोटोज उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं जिन्होंने बेहद ही कम समय में अपने नाम एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपने लेटेस्ट ब्लैक एंड व्हाइट कलर के लॉन्ग बॉडीकॉन आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई बेहद ही किलर लुक्स में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है।

## नाटू–नाटू सुनकर ही खाना खाता है जेह: करीना कपूर खान



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान के स्ट्रीमिंग टॉक शो व्हाट वीमेन वांट का चौथा सीजन रिलीज हुआ। उन्होंने खुलासा किया कि उनके छोटे बेटे जहांगीर को ऑस्कर विनिंग सॉन्ग नाटू नाटू पर डांस करना बहुत पसंद है और वह तब तक नहीं खाता, जब तक कि उसके लिए वह गाना नहीं बजाया जाता। एक्ट्रेस ने बताया, जब हम नाटू नाटू प्ले करते हैं तो जेह अपना रात का खाना खाता है और वह गाने का ओरिजनल वर्जन चाहता है न कि हिंदी डब वर्जन। गाना 2 साल के बच्चे के दिल को छू गया है, जो यह दिखाता है कि उन्होंने फिल्म और गाने में काफी काम किया है।

95वें एकेडमी अवॉर्ड में भारत के दो ऑस्कर जीतने के साथ, यह हर भारतीय के लिए गर्व की भावना लेकर आया है। करीना को उस इंडस्ट्री का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस होता है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर रहा है।

उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर बहुत गर्व होता है कि दर्शक अधिक फिल्में देख रहे हैं, चाहे वह हिंदी फिल्में हों, क्षेत्रीय फिल्में हों, समानांतर फिल्में हों या डॉक्यूमेंट्री हों।

लोग भारतीय सिनेमा को अधिक गंभीरता से ले रहे हैं और इंडस्ट्री का हिस्सा होने के रूप में यह मेरे दिल को हमारे दर्शकों के प्रति गर्व और आभार से भर देता है।

## चोर निकल के भागा: रोमांच का भरपूर डोज, बोर होने का मौका नहीं देती फिल्म



यामी गौतम पिछली बार फिल्म लॉस्ट में नजर आई थीं, जिसमें उनके अभिनय की खासी तारीफ हुई थी। पिछले काफी समय से दर्शक उनकी फिल्म चोर निकल के भागा की राह देख रहे थे। अब दर्शकों का यह इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। फिल्म 24 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है। फिल्म में यामी के साथ अभिनेता सनी कौशल मुख्य भूमिका में हैं और अजय सिंह इसके निर्देशक हैं।

फिल्म में यामी (नेहा) फ्लाइट अटेंडेंट की भूमिका में हैं, वहीं सनी कौशल(अंकित) एक यात्री के किरदार में हैं। अंकित पहली ही नजर में नेहा को दिल दे बैठता है। दोनों जगह–जगह टकराते हैं। मुलाकातों का सिलसिला बढ़ता है और फिर होती है उनके बीच प्यार की शुरुआत। दोनों माता–पिता बनने वाले हैं और साथ जिंदगी बिताने को उत्साहित हैं, लेकिन उनकी खुशियों को नजर तब लगती है, जब एक कर्ज के कारण अंकित बड़ी मुसीबत में फंस जाता है।

अंकित पर कुछ लोग हीरों की चोरी करने का दबाव डालते हैं। अपनी जान बचाने के लिए अंकित और नेहा मिलकर चोरी की योजना बनाते हैं, वो भी जमीन से 40,000 फीट ऊपर यानी प्लेन में, लेकिन दांव तब उल्टा पड़ जाता है, जब चोरी करने से पहले ही प्लेन हाइजैक कर लिया जाता है। प्लेन हाईजैक कौन करता है? असली चोर कौन है? अंकित–नेहा का क्या होगा? ऐसे कई सवालों के जवाब आपको फिल्म देखने के बाद ही मिलेंगे।

यामी को देख हम तो यही कहेंगे कि ओटीटी पर उन्होंने अपनी सीट पक्की कर ली है। डर, चिंता, बेबसी, गुस्सा हर बदलते भाव के साथ चेहरे का रंग बदलना अभिनय में उनकी परिपक्वता का सबूत है। सनी ने भी अपने अभिनय का कौशल दिखाया है। चोर के किरदार में वह जंचे हैं। सेकेंड हाफ में इनवेस्टिगेटिंग ऑफिसर बन एंट्री करने वाले शरद केलकर फिल्म में सरप्राइज पैकेज की तरह हैं। उनके बोलने का अंदाज भी दिल जीत लेता है।

अजय सिंह का निर्देशन वाकई काबिल–ए–तारीफ है। उन्होंने फिल्म में ट्विस्ट इतने डाले हैं कि एक ही प्लेन में फिल्माई गई कहानी भी बोर नहीं करती। शुरुआत से लेकर अंत तक निर्देशक ने एक लय पकडक़र रखी। जबरदस्ती के सीन उन्होंने फिल्म में नहीं ठूंसे। कहानी सधी हुई है और कहानी के हिसाब से किरदार भी निर्देशक ने कमाल के चुने। सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों से जितने रोमांच की उम्मीद की जाती है, उसमें यह काफी हद तक खरी उतरती है।

फिल्म के संगीत ने इसकी कहानी में जान फूंकने का काम किया। शुरुआत से ही बैकग्राउंड म्यूजिक ने कहानी का पूरा साथ दिया। बात करें सिनेमैटोग्राफी की तो दृश्यों को बखूबी कैमरे में कैद किया गया है। सिनेमैटोग्राफर की मेहनत फिल्म में साफ झलकती है।

मनोरंजन से ताल से ताल मिलाती लगभग 1 घंटा 50 मिनट की इस फिल्म में कुछेक कमियां हैं, लेकिन वो खामियां ऐसी हैं, जिन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। फिल्म में कलाकारों के संवादों पर और काम किया जा सकता था। फिल्म की कहानी में आपको मजबूती की कमी अखर सकती है। हालांकि, कहानी के जो ढीले हिस्से थे, तेज रफ्तार और रोमांस ने उन्हें कस लिया। इसकी घटनाएं ऐसे बांधे रखती हैं कि ढील खुद–ब–खुद बर्दाश्त हो जाती है।

क्यों देखें? न तो इस फिल्म का खास प्रमोशन हुआ और ना ही इससे किसी को इतनी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म उम्मीद से बढक़र निकली है। बस इसे एक मौका दीजिए। शर्तिया यह आपको निराश नहीं करेगी। क्यों न देखें? वैसे फिल्म न देखने की कोई ठोस वजह है नहीं, लेकिन अगर आप सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों से परहेज करते हैं तो शायद यह आपकी कसौटी पर खरी न उतरे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com